राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोक शक्ति

RNI Regn. No.7789/1964 | वर्ष-61 > अंक - 241 | रायपुर | मंगलवार 26 अगस्त 2025 विक्रम संवत 2082 | पृष्ठ 8 > मूल्य : 2 रू. | डाक पंजीयन : C.G./RYP DN/71/2023-25



बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जबलपुर पहुंचे डुमना एयरपोर्ट पर किया गया भव्य स्वागत



पाकिस्तान में जानलेवा बना मानसून, अब तक 788 लोगों की मौत, हजार से ज्यादा घायल

## पीएम मोदी की डिग्री नहीं होगी पब्लिक, दिल्ली हाईकोर्ट ने सीआईसी के आदेश को किया रद्द

**नई दिल्ली**. दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को केंद्रीय सूचना आयोग के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें पीएम नरेंद्र मोदी की स्नातक की डिग्री से संबंधित जानकारी सार्वजनिक करने का निर्देश दिया था. न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने सीआईसी के आदेश को चुनौती देने वाली दिल्ली विश्वविद्यालय की याचिका पर यह फैसला सुनाया। जिन्होंने 27 फरवरी को अपना फैसला सुरक्षित रखा था। जानकारी के लिए बता दें कि नीरज नामक व्यक्ति ने आरटीआई आवेदन किया था। सीआईसी ने 21 दिसंबर 2016 को 1978 में बीए की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले सभी छात्रों के अभिलेखों के निरीक्षण की अनुमति दे दी थी। जिस वर्ष नरेंद्र मोदी ने भी यह परीक्षा पास की थी. **सूचना आयोग के आदेश पर रोक** - हाईकोर्ट ने 23 जनवरी 2017 को केंद्रीय सूचना आयोग के आदेश पर रोक लगा दी है। डीयू की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने तर्क दिया कि केंद्रीय सूचना आयोग का आदेश रद्द किया जाना चाहिए।

### गुजरात की धरती से आतंकियों को चेतावनी, कहीं भी छिपे हों, बख्शा नहीं जाएगा

# दुनिया ने देखा है कि भारत ने पहलगाम का बदला कैसे लिया : प्रधानमंत्री मोदी

नईदिल्ली,एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को आतंकवादियों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे कहीं भी छिप सकते हैं, लेकिन उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भी प्रकाश डाला। अहमदाबाद में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हम आतंकवादियों और उनके आकाओं को नहीं छोड़ेंगे। वे कहीं भी छिप सकते हैं। दुनिया ने देखा है कि हमने पहलगाम हमले का बदला कैसे लिया। नरेंद्र मोदी ने 1,400 करोड़ रुपये से अधिक की कई रेलवे परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित कीं, जिनमें 530 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली 65 किलोमीटर महेसाणा-पालनपुर रेल लाइन का दोहरीकरण, 860 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली 37 किलोमीटर कलोल-कदी-कटोसन रोड रेल लाइन और 40 किलोमीटर बेचराजी-रानुज रेल लाइन का आमान परिवर्तन शामिल है। मोदी ने कहा कि पूरे देश में गणेश उत्सव को लेकर अद्भुत उत्साह है। गणपति बप्पा के आशीर्वाद से आज गुजरात के विकास से





### गुजरात की धरती चक्रधारी व द्वारकाधीश की धरती

प्रधानमंत्री ने कहा कि गुजरात की ये धरती दो मोहनों की धरती है। एक हैं सुदर्शन चक्रधारी मोहन, हमारे द्वारकाधीश श्री कृष्ण और दूसरे हैं चरखाधारी मोहन, साबरमती के संत पूज्य बापू (महात्मा गांधी। इन दोनों के दिखाए मार्ग पर चलकर भारत निरंतर सशक्त हो रहा है। सुदर्शन चक्रधारी मोहन ने हमें देश और समाज की रक्षा करना सिखाया है। उन्होंने सुदर्शन चक्र को न्याय और सुरक्षा का कवच बनाया, जो दुश्मन को ढूंढकर उसे दंड देता है। आज देश, भारत के निर्णयों में यही भावना अनुभव कर रहा है। देश ही नहीं, दुनिया भी इसे अनुभव कर रही है।

जुड़ी कई परियोजनाओं का भी उद्घाटन हुआ है। यह मेरा सौभाग्य है कि आज मुझे देश की जनता को कई विकास परियोजनाएं समर्पित करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि इस मानसून के मौसम में, गुजरात के कई इलाकों में भारी बारिश हो रही है। देश में जिस तरह एक के बाद एक बादल फटने की घटनाएँ हो रही हैं, उससे होने वाली तबाही देखकर खुद को संभालना मुश्किल हो जाता है। मैं सभी प्रभावित परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूँ। प्रकृति का यह प्रकोप पूरी मानव जाति, पूरे विश्व और पूरे देश के लिए एक चुनौती बन गया है। केंद्र सरकार, सभी राज्य सरकारों के साथ मिलकर राहत और बचाव कार्य में जुटी हुई है।


मोदी ने कहा कि आज हम आतंकवादियों और उनके आकाओं को नहीं छोड़ते, चाहे वे कहीं भी छिपे हों। दुनिया ने देखा है कि भारत ने पहलगाम का बदला कैसे लिया। उन्होंने उन्हें केवल 22 मिनट में मिटा दिया। हम सैकड़ों किलोमीटर अंदर गए और आतंकवाद के केंद्र पर हमला किया।

## किसी प्रधानमंत्री, मंत्री और मुख्यमंत्री का जेल से सरकार चलाना देश के लोकतंत्र के लिए अपमानजनक है : अमित शाह

पीआईबी

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने एक इंटरव्यू में 130वें संविधान संशोधन विधेयक सहित अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपने विचार रखे। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का स्पष्ट रूप से मानना है कि देश में कोई भी मंत्री, मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री हो, वे जेल में रहकर सरकार नहीं चला सकते। 130वें संविधान संशोधन में यह प्रावधान किया गया है कि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, भारत सरकार के मंत्री या राज्य सरकार के मंत्री किसी भी गंभीर आरोप में अगर गिरफ्तार होते हैं और 30 दिन तक उन्हें ज़मानत नहीं मिलती है तो उन्हें उनके पद से मुक्त कर दिया जाएगा।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि यह बिल सिर्फ विपक्ष के लिए ही नहीं बल्कि हमारे मुख्यमंत्रियों के लिए भी है। उन्होंने कहा कि विपक्ष यह कहकर कि सरकार के लोगों के खिलाफ FIR नहीं होती है, जनता को गुमराह कर रहा है। उन्होंने कहा कि इसमें 30 दिन तक जमानत का प्रावधान किया गया है और अगर फर्ज़ी केस होगा तो देश की



अदालतें आंखें मूंद कर नहीं बैठेंगी। श्री शाह ने कहा कि किसी भी केस में हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट को जमानत देने का अधिकार है और अगर ज़मानत नहीं मिलती है तो पद छोड़ना पड़ेगा। उन्होंने पूछा कि क्या कोई मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री या मंत्री जेल में रह कर सरकार चला सकता है। क्या ये देश के लोकतंत्र के लिए शोभनीय है। उन्होंने कहा कि अगर 30 दिन के बाद ज़मानत मिल जाती है तो वे फिर शपथ ले सकते हैं। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि यह बिल सिर्फ विपक्ष के लिए ही नहीं बल्कि हमारे मुख्यमंत्रियों के लिए भी है। उन्होंने कहा कि विपक्ष यह कहकर कि सरकार के लोगों के खिलाफFIR नहीं होती है, जनता को गुमराह कर रहा है।

## अवैध धर्मांतरण केस में ईडी का बड़ा एक्शन, छांगुर बाबा और उनके सहयोगियों की 13 करोड़ की संपत्तियां जब्त

लखनऊ । एजेंसी

उत्तर प्रदेश के चर्चित अवैध धर्मांतरण और विदेशी फंडिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने एक बड़ी कार्रवाई की है। ईडी की लखनऊ जोनल टीम ने मुख्य आरोपी छांगुर बाबा और उनके दुबई स्थित सहयोगियों की 13 अचल संपत्तियों को अटैच कर लिया है, जिनकी कुल कीमत 13.02 करोड़ रुपये बताई जा रही है। यह सभी संपत्तियां बलरामपुर जिले के उतरौला इलाके में स्थित हैं और इन्हें मामले के दूसरे मुख्य आरोपी नवीन रोहरा की पत्नी नीतू नवीन रोहरा के नाम पर खरीदा गया था। ईडी की जांच में यह खुलासा हुआ है कि इन संपत्तियों को



खरीदने के लिए दुबई से अवैध तरीके से पैसा भारत लाया गया था। ईडी के मुताबिक, यह पूरा मामला एटीएस लखनऊ द्वारा दर्ज की गई एक एफआईआर पर आधारित है, जिसमें बड़े पैमाने पर गैरकानूनी धर्मांतरण, विदेशी फंडिंग और राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने वाली गतिविधियों के आरोप लगाए गए थे। जांच में सामने आया कि छांगुर बाबा बलरामपुर की चांद औलिया दरगाह से एक बड़ा नेटवर्क चला रहा था।

## मोदी जी का विरोध करते-करते देश का विरोध करने लगे विपक्षी नेता-जगत प्रकाश नड्डा

**जबलपुर** - भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के जबलपुर पहुंचने पर जगह-जगह उनका भव्य स्वागत हुआ। जगत प्रकाश नड्डा ने जबलपुर संभागीय कार्यालय में जबलपुर, सागर, रीवा और शहडोल संभाग के कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता भाजपा और कांग्रेस के बीच के फर्क जनता को समझाएं। देश के लिए कांग्रेस अमावस्या है और भारतीय जनता पार्टी पूर्णमासी है। 2014 भारतीय राजनीति का टर्निंग पाइंट है, जनता को बताएं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रिस्पांसिबल, रिस्पांसिव और रिपोर्ट कॉर्ड वाली सरकारों का दौर शुरू किया। डेड कांग्रेस के डेड लीडर ही हमारी अर्थव्यवस्था को डेड इकॉनामी बता रहे हैं, जबकि हम दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर



अग्रसर है। विरोधी भी मानते हैं कि राष्ट्रीयता और संगठन के मामले में भाजपा से कोई मुकाबला नहीं कर सकता है। भारतीय जनता पार्टी देश का इकलौता वैचारिक दल है। हमने सत्ता के लिए कभी समझौते नहीं किए, अपने रास्ते नहीं बदले। बैठक को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद जी ने भी संबोधित किया। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि लोगों की स्मृति छोटी होती है इसलिए अपनी बात बार-बार कहने की जरूरत है। 2014 के पहले सरकारें आती थीं और जाती थीं। चुनावी घोषणा पत्र का कोई महत्व नहीं होता था। लेकिन 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिम्मेदार और रिपोर्ट कॉर्ड वाली सरकारों का दौर शुरू किया। उन्होंने राजनीति की संस्कृति बदल दी। पहले सरकारें किसी एक समुदाय की, जाति की, वर्ग की या इलाके की हुआ करती थी। लेकिन 2014 के बाद सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास का दौर शुरू हुआ। अब जो सरकार है, वो किसी एक वर्ग या जाति की नहीं, बल्कि सभी की सरकार है। नड्डा ने कहा कि हमारे विरोधी भी यह मानते हैं कि राष्ट्रीयता और संगठन के मामले में भाजपा का कोई मुकाबला नहीं।

## राजस्थान को 2 नई वंदेभारत ट्रेन की सौगात, इन शहरों के बीच चलेगी

**जयपुर.एजेंसी।** रेल यात्रियों के लिए खुशखबरी है. जल्द ही राजस्थान में वंदेभारत ट्रेन की डबल एंट्री होने वाली है. रेलवे ने जोधपुर के साथ-साथ बीकानेर को भी वंदेभारत ट्रेन से जोडने का फैसला किया है. दोनों ट्रेनें दिल्ली कैंट तक संचालित होंगी. रेलवे अधिकारियों का दावा है कि इनके लिए नई रैंक अगले सप्ताह तक राजस्थान पहुंच जाएगी. इस महीने के अंत तक या सितम्बर के पहले सप्ताह में ट्रेन का संचालन शुरू हो जाएगा. रेलवे बोर्ड ने जोधपुर से वाया जयपुर व बीकानेर से वाया चूरू होते हुए दिल्ली कैंट तक वंदेभारत चलाने की हरी झंडी दी है. उत्तर पश्चिम रेलवे इसकी तैयारी में जुट गया है. जयपुर पहले से ही दो वंदेभारत ट्रेनों से जुड़ा है।

## जम्मू-कश्मीर में पाक ड्रोन की घुसपैठ! सेना ने संभाली कमान

एजेंसी

जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों ने सोमवार को पुंछ ज़िले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास कथित तौर पर पाकिस्तान से आए छह ड्रोन मंडराते देखे जाने के बाद तलाशी अभियान शुरू किया। ये ड्रोन क्षेत्र के कई अग्रिम इलाकों में देखे गए, जिससे सुरक्षा चिंताएँ बढ़ गईं। सेना अधिकारियों ने बताया कि रविवार रात लगभग 9:15 बजे, विशेष रूप से मेंढर सेक्टर में बालाकोट, लंगोटे और गुरसाई नाला क्षेत्रों के ऊपर, ड्रोन गतिविधि देखी गई। ड्रोन काफ़ी ऊँचाई पर उड़ रहे थे, जिससे उन्हें तुरंत रोकना मुश्किल हो गया। ड्रोन कुछ मिनटों तक मंडराते रहे और फिर पाकिस्तानी क्षेत्र में लौट गए।



अधिकारियों के अनुसार, ऐसा माना जा रहा है कि इन ड्रोनों को निगरानी के लिए तैनात किया गया था, ताकि संभवतः क्षेत्र में भारतीय सैन्य गतिविधियों की खुफ़िया जानकारी जुटाई जा सके। उनकी उड़ान की छोटी अवधि से संकेत मिलता है कि ड्रोनों का इस्तेमाल तस्करी के बजाय टोही के लिए किया गया होगा। ड्रोन देखे जाने के बाद, भारतीय सुरक्षा बलों ने तुरंत प्रभावित इलाकों की घेराबंदी कर दी। सुबह तक, तलाशी अभियान पूरे ज़ोरों पर था, और सैनिक यह सुनिश्चित करने के लिए पूरे इलाके की तलाशी ले रहे थे कि ड्रोन से कोई हथियार या नशीले पदार्थ तो नहीं गिराए गए हैं। इस अभियान का उद्देश्य शत्रुतापूर्ण हवाई इकाइयों द्वारा भारतीय वायु क्षेत्र के किसी भी अन्य उल्लंघन को रोकना भी था।

**विदेश** | भारत अपने छोटे किसानों के हितों से समझौता नहीं करेगा

## रूस में भारतीय राजदूत ने कहा- जहां सबसे अच्छा सौदा, वहां से तेल खरीदेंगी भारतीय कंपनियां

नईदिल्ली एजेंसी।

रूस में भारत के राजदूत विनय कुमार ने कहा कि भारतीय सामानों पर अमेरिकी टैरिफ के बाद भी भारत सबसे अच्छा सौदा देने वाले स्रोतों से तेल खरीदना जारी रखेगा। उन्होंने अमेरिका के टैरिफ लगाने के फैसले पर निशाना साधा, जो रूस से तेल व्यापार के कारण लगाया गया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका का निर्णय अनुचित, अविवेकपूर्ण और अन्यायपूर्ण है, टैरिफ वृद्धि निष्पक्ष व्यापार के सिद्धांतों को कमजोर करता है।

कुमार ने आगे कहा कि भारत का उद्देश्य 140 करोड़ लोगों की ऊर्जा सुरक्षा है। उन्होंने कहा कि रूस के साथ कई अन्य देशों के साथ भारत के सहयोग से वैश्विक तेल बाजार में स्थिरता लाने में मदद मिली है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत की ऊर्जा नीति, बाहरी राजनीतिक दबाव से नहीं, बल्कि अपनी जनता के लिए विश्वसनीय आपूर्ति सुनिश्चित करने की आवश्यकता से बनती है और सरकार राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए कदम उठाना जारी रखेगी।





कुमार ने आगे कहा कि व्यापार वाणिज्यिक आधार पर होता है और इसलिए अगर वाणिज्यिक लेन-देन व्यापार आयात का आधार सही है, तो भारतीय कंपनियां जहां भी सबसे अच्छा सौदा मिलेगा, वहां से खरीदारी जारी रखेंगी और वर्तमान स्थिति यही है। बता दें कि राजदूत से पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी अमेरिका द्वारा लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ को अनुचित और अव्यवहारिक बताया था। उन्होंने कहा था कि भारत अपने छोटे किसानों के हितों से समझौता नहीं करेगा।

अमेरिकी टैरिफ और प्रतिबंधों के बीच रूस ने भारत को कच्चा तेल खरीदने पर 5 प्रतिशत छूट दी है। रूसी दूतावास के प्रभारी रोमन बाबुश्किन ने पिछले दिनों कहा कि रूस ने भारत को कच्चे तेल की आपूर्ति बनाए रखने के लिए एक विशेष तंत्र बनाया है, जो अपनी तेल जरूरतों का लगभग 40 प्रतिशत मास्को से 5 प्रतिशत की औसत छूट पर प्राप्त करता है।

## मोदी ने फिजी के प्रधानमंत्री से मुलाकात की, 7 अहम मुद्दों पर हुआ समझौता

नईदिल्ली,एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ÷जलवायु परिवर्तन फिजी के लिए एक गंभीर खतरा है। इस संदर्भ में, हम नवीकरणीय ऊर्जा, विशेष रूप से सौर ऊर्जा पर मिलकर काम कर रहे हैं। हम अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन, आपदा रोधी अवसंरचना गठबंधन और वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन में एक साथ हैं। अब हम आपदा प्रतिक्रिया में फिजी की क्षमताओं को बढ़ाने में भी सहायता करेंगे।÷ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के अलावा फिजी के पीएम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात करेंगे। उनका यह दौरा भारत और फिजी के बीच रिश्तों को और मजबूत करने वाला माना जा रहा है। इससे पहले अगस्त 2024 में राष्ट्रपति मुर्मू फिजी गई थीं और वहां की संसद को संबोधित किया था। राष्ट्रपति मुर्मू को राष्ट्रपति रातू विलियम मैवालिली काटोनिवेरे ने फिजी के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'कंपैनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफफिजी' से सम्मानित किया था।



**कौन हैं फि जी के प्रधानमंत्री राबुका** 13 सितंबर 1948 को जन्मे सीटिवेनी राबुका सुवा में रहते हैं, लेकिन मूल रूप से वे फिजी के दूसरे सबसे बड़े द्वीप वनुआ लेवु के ड्रेकेनिवाई गांव से आए थे। उन्होंने इंडियन डिफेंस स्टाफसर्विस कॉलेज से ग्रेजुएशन की है और उन्होने 1979 में मद्रास यूनिवर्सिटी से मास्टर्स की। उन्होंने लेबनान और मिस्र के सिनाई रेगिस्तान में शांति स्थापना के दौरान दो इंफ्रेंटी बटालियनों की कमान संभाली है। 1980 में लेबनान में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय पर हुए हमले के दौरान एक फ्रांसीसी अधिकारी को बचाने में उनकी बहादुरी के लिए उन्हें फ्रांसीसी सेना सम्मान से सम्मानित किया गया था। राबुका ने रग्बी यूनियन और राष्ट्रमंडल खेलों में एथलेटिक्स में भी देश का प्रतिनिधित्व किया है।

**कौन हैं फि जी के प्रधानमंत्री राबुका** - 13 सितंबर 1948 को जन्मे सीटिवेनी राबुका सुवा में रहते हैं, लेकिन मूल रूप से वे फिजी के दूसरे सबसे बड़े द्वीप वनुआ लेवु के ड्रेकेनिवाई गांव से आए थे। उन्होंने इंडियन डिफेंस स्टाफ सर्विस कॉलेज से ग्रेजुएशन की है और उन्होने 1979 में मद्रास यूनिवर्सिटी से मास्टर्स की। उन्होंने लेबनान और मिस्र के सिनाई रेगिस्तान में शांति स्थापना के दौरान दो इंफ्रेंटी बटालियनों की कमान संभाली है।

### भारत फिजी के बीच 7 अहम समझौतों/एमओयू पर हस्ताक्षर हुए हैं:

1. फिजी में सुपर-स्पेशलिटी हॉस्पिटल बनाने और चलाने पर एमओयू।
2. जनऔषधि स्कीम के तहत दवाओं की सप्लाई पर एग्रीमेंट।
3. स्टैंडर्डाइजेशन में कोऑपरेशन के लिए BIS और DNTMS के बीच एमओयू
4. NIELIT इंडिया और फि जी के Pacific POLYTECH के बीच स्किलिंग-अपस्किलिंग एमओयू।
5. क्विक इम्पैक्ट प्रोजेक्ट (QIP) लागू करने के लिए भारतीय ग्रांट असिस्टेंस पर एमओयू।
6. माइग्रेशन और मोबिलिटी पर डिक्लेरेशन ऑफइंटेंट ।
7. सुवा स्थित भारतीय चांसरी बिल्डिंग का Lease Deed सौंपा गया।

## ट्रंप टैरिफ : भारत ने अमेरिका में टैरिफ के खिलाफ हायर की दूसरी लॉबिंग फर्म, यह काम करेगी

एजेंसी

**नई दिल्ली**. भारत के वॉशिंगटन डीसी स्थित दूतावास ने अमेरिका में एक दूसरी लॉबिंग फर्म को हायर किया है. इसका मकसद है अमेरिका में भारत की छवि को बेहतर बनाना और अमेरिका की सरकार व मीडिया से अच्छे रिश्ते बनाना है. यह कदम ऐसे समय पर उठाया गया है, जब अमेरिका भारतीय सामानों पर 50 प्रतिशत का भारी टैक्स लगाने जा रहा है, जिससे भारत के एक्सपोर्ट पर बुरा असर पड़ सकता है.



भारत ने मर्करी पब्लिक अफेयर्स नाम की कंपनी के साथ 75,000 डॉलर प्रति महीने का तीन महीने का कॉन्ट्रैक्ट साइन किया है, जो 15 अगस्त से शुरू हो गया है. यह कंपनी भारत की तरफ से अमेरिकी सरकार में पैरवी मीडिया से बातचीत, सोशल मीडिया रणनीति और डिजिटल प्रचार जैसे काम संभालेगी.

**ये लोग देखेंगे भारत का काम** इस फर्म में दो खास लोग भारत का काम देखेंगे, जिसमें डेविड विटर (अमेरिका के लुइसियाना राज्य से पूर्व सीनेटर) और ब्रायन लांजा (ट्रंप की 2020 टीम में कम्युनिकेशन डायरेक्टर रह चुके हैं) शामिल हैं. इनके साथ चार लोगों की टीम काम करेगी, जिसमें केविन थॉमस भी हैं जो न्यूयॉर्क राज्य सीनेट के लिए चुने गए पहले भारतीय-अमेरिकी हैं. मर्करी फर्म की ट्रंप की चीफ ऑफ स्टाफ सुसी वाइल्स से भी अच्छी जान-पहचान है. वह नवंबर 2024 तक इसी कंपनी की लॉबिस्ट रह चुकी हैं।

# जेट्रो के साथ बैठक में छत्तीसगढ़ के आईटी, टेक्सटाइल्स एयरोस्पेस अवसरों पर हुई चर्चा

### निवेश, तकनीक और अंतरिक्षः मुख्यमंत्री श्री साय की जापान यात्रा ने खोले नए आयाम



**रायपुर,** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने अपने जापान प्रवास के दौरान टोक्यो में जापान एक्सटर्नल ट्रेड आर्गनाइजेशन के वरिष्ठ प्रतिनिधियों श्री नाकाजो काजुया, श्री एंडो युजी और श्री हारा हारुनोबू से भेंट कर निवेश एवं औद्योगिक सहयोग के संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में आईटी, टेक्सटाइल्स, एयरोस्पेस, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं स्वच्छ ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ की अपार संभावनाओं को रेखांकित किया गया। मुख्यमंत्री ने जेट्रो के प्रतिनिधियों को प्रदेश की तेज़ी से प्रगति कर रही अर्थव्यवस्था में निवेश के नए अवसर तलाशने हेतु आमंत्रित किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़, भारत के हृदय स्थल में स्थित एक उभरता हुआ औद्योगिक एवं निवेश गंतव्य है। राज्य सरकार पारदर्शी नीतियों, सुगम प्रक्रियाओं और मजबूत औद्योगिक आधारभूत संरचना के माध्यम से वैश्विक निवेशकों को आकर्षित कर रही है। जेट्रो प्रतिनिधियों के साथ हुई चर्चा से छत्तीसगढ़ और जापान के बीच आर्थिक सहयोग की नई संभावनाओं को बल मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने अपने प्रवास के दौरान राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर आयोजित ÒDeep Space – To the Moon & Beyond' प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष विज्ञान और नवाचारों की यह समृद्ध झलक, आने वाले समय में छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में भारत सरकार के सहयोग से विकसित किए जा रहे स्पेस मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर को नई दिशा और प्रेरणा देगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने विश्वास व्यक्त किया कि जापान प्रवास से छत्तीसगढ़ को निवेश, नवाचार और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के क्षेत्र में ठोस परिणाम प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार का लक्ष्य प्रदेश को न केवल औद्योगिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है बल्कि उसे अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से विश्व पटल पर एक सशक्त पहचान दिलाना भी है।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला जिला कवर्धा के संपर्क विभाग ने प्रबुद्ध जन संगोष्ठी का आयोजन

### पंच परिवर्तन से समाज सुधार एवं राष्ट्र निर्माण का आह्वान किया – अखिल भारतीय सह प्रचारक प्रमुख

कवर्धा, ।

स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल, रानी दुर्गावती चौक, कवर्धा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, कवर्धा जिला के संपर्क विभाग द्वारा प्रबुद्ध जन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य झा एवं मुख्य वक्ता सुनील कुलकर्णी जी, अखिल भारतीय सह प्रचारक प्रमुख रहे। संगोष्ठी का शुभारंभ पूजा-अर्चना एवं संगठन के पदाधिकारियों के परिचय से हुआ। मुख्य अतिथि श्री झा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें राष्ट्रवाद और सनातन की रक्षा हेतु अपने जीवन का कुछ समय अवश्य समर्पित करना चाहिए। उन्होंने संघ के कार्यकर्ताओं के निःस्वार्थ सेवा भाव एवं त्याग को सराहा। मुख्य वक्ता श्री सुनील कुलकर्णी जी ने अपने उद्बोधन में संघ कार्य के सौ वर्षों की यात्रा, समाज विकास में योगदान और संगठन की दृढ़ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने पंच परिवर्तन (सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी, पर्यावरण संरक्षण, और नागरिक कर्तव्य बोध) के माध्यम से समाज सुधार एवं राष्ट्र निर्माण का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि– सामाजिक समरसता के लिए अश्पृश्यता मिटाकर सभी वर्गों से आत्मीय संबंध स्थापित करना होगा।

कुटुंब प्रबोधन द्वारा परिवार में एकता और संवाद बढ़ाया जाए।

स्वदेशी को बढ़ावा देते हुए भोजन, भजन, भूषा, भाषा एवं भ्रमण में स्वदेशी अपनाएं।

पर्यावरण संरक्षण हेतु प्लास्टिक उपयोग कम करें, जल संरक्षण करें और वृक्षारोपण करें।

## मादक पदार्थ गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

### आरोपी बैसाखू के विरूद्ध पूर्व में थाना खमतराई में एन.डी.पी.एस एक्ट के तहत दर्ज है प्रकरण

**रायपुर/उरला,** । आरोपी के कब्जे से स्कुटी होण्डा डियो क्रमांक सीजी 04 क्यू ए 3254, एवं मादक पदार्थ गांजा ,कुल वजन 5.550 किलोग्राम किमती 55,500 एवं नगदी रकम 14230 रू किया गया जप्त। थाना उरला में अपराध क्रमांक 266/25 धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर की जा रही कार्यवाही। संक्षिप्त विवरण- उरला पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम कन्हेरा रोड ब्रीज के नीचे में एक व्यक्ति अपने स्कुटी होण्डा डियो क्रमांक सीजी 04 क्यू ए 3254, में बैठा है और अपने पास में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखकर ब्रिकी कर रहा है।सूचना पर टीम बनाकर रेड कार्यवाही हेतु उपनिरीक्षक तेजराम कंवर हमराह स्टाफ आर. 188 राजाराम एक्का, आर. क्र 2165 धनेन्द्र जोशी आर. 2165 नरेश प्रधान के द्वारा घटना स्थल ग्राम कन्हेरा रेड कार्यवाही कर एक अज्ञात व्यक्ति को रोड ब्रीज के नीचे स्कुटी होण्डा डियो क्रमांक सीजी 04 क्यू ए 3254, सहित घेरा बंदी कर



पकडा गया, पुछताछ करने पर अपना नाम बैसाखू ध्रुव पिता ताराचंद ध्रुव उम्र 39 साल साकिन ए एच पी कालोनी उरला थाना उरला जिला रायपुर का रहने वाला बताया है। तलाशी में आरोपी के स्कूटी होण्डा डियो क्रमांक सीजी 04 क्यू ए 3254 में रखे एक सफेद कलर के प्लास्टिक के बोरी में मादक पदार्थ गांजा कुल वजन 5.550 किलोग्राम किमती 55,500 एवं आरोपी के जेब से 14230 रू बरामद किया गया है , आरोपी बैसाखू ध्रुव पिता ताराचंद ध्रुव उम्र 39 साल साकिन ए एच पी कालोनी ऊरला के विरुद्ध 20(बी) एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।

## बस्तर के होनहार अविनाश तिवारी से टोक्यो में मिले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय : छत्तीसगढ़ में उद्योग स्थापना को लेकर हुई सकारात्मक चर्चा

रायपुर

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने अपने जापान प्रवास के दौरान टोक्यो में जापान के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर एवं बस्तर के गौरव श्री अविनाश तिवारी से सौहार्दपूर्ण मुलाकात की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ में औद्योगिक निवेश और उद्योग स्थापना की संभावनाओं पर महत्वपूर्ण चर्चा हुई, जिसमें मुख्यमंत्री श्री साय ने राज्य सरकार की निवेश-अनुकूल नीतियों, औद्योगिक आधारभूत ढांचे और निवेशकों को मिलने वाले सहयोग की जानकारी दी।

उल्लेखनीय है कि श्री अविनाश तिवारी, जो मूलतः बस्तर जिले के तोकापाल क्षेत्र के निवासी हैं और नवोदय विद्यालय, बारसूर (दंतेवाड़ा) के पूर्व छात्र रहे हैं, आज जापान की प्रतिष्ठित कंपनी में बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के रूप में कार्यरत हैं। उनके पिता डॉ. सुरेश तिवारी सेवानिवृत्त शिक्षक हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने भरोसा जताया कि श्री तिवारी जैसे युवा, जो बस्तर की धरती से निकलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुके हैं, की सहभागिता से प्रदेश में उद्योग और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह गर्व की बात है कि बस्तर की धरती से निकलकर वैश्विक मंच पर पहचान बनाने वाले प्रतिभाशाली युवा अब छत्तीसगढ़ के विकास में योगदान दे रहे हैं।

## पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने वृक्षारोपण कर अपना जन्मदिन मनाया



**कवर्धा,** जन्म दिन की शुरुआत हरितिमा के साथ, आज जन्म दिन के अवसर पर माननीया विधायक जी कवर्धा निवास परिसर के पास वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं ग्रीन इंडिया का संदेश दिया, इसमें हरितिमा समूह कवर्धा के साथियों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा , साथ ही जिला स्काउट गाइड के विद्यार्थियों से भी मिलकर जन्म दिन की शुभकामनाएं विधायक जी को दी ।

## मानवता की रक्षा के लिए सभी करे रक्तदान – ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन जी

राजनांदगांव –

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय राजनांदगांव द्वारा संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणि जी के 18वीं पुण्य स्मृति दिवस के अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन ब्रह्माकुमारीज के नए भवन ज्ञान मानसरोवर में किया गया । इस अवसर पर श्रद्धेय दादी प्रकाशमणि जी को उनके 18वीं पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई । इसके पश्चात रक्तदान शिविर का दीप प्रज्वलित कर उदघाटन हुआ । उदघाटन अवसर संस्था के स्थानीय संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन जी ने दादी जी के महान कर्मों को याद करते हुए उनके मानवता के प्रति पवित्र भावना से सबको अवगत कराया । साथ ही आज के रक्तदान शिविर के सार्थकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मानव को मानव की सेवा में सदा तत्पर रहना चाहिए सब मनुष्य मात्र को सुख देकर दुवाएं कमाना चाहिए यही दादी जी का मूलमंत्र था । मानवता की रक्षा के लिए यदि हमें अपने रक्त का दान करना पड़े तो इसे अपना सौभाग्य समझना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के आसंदी से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भ्राता एन



आर नवरतन जी ने संस्था के इस प्रयास की भूरी भूरी प्रशंसा की और कहा कि रक्तदान एक पुण्य कार्य है इसे हम सबको करना चाहिए । कोई भी व्यक्ति रक्त की कमी से न मरे यह हमारी जवाबदेही होनी चाहिए। विशिष्ट अतिथि भ्राता डाक्टर नरेंद्र गांधी जी ने कहा कि इस संस्था को मै 1988 से जनता हूं मानवता के सेवा के लिए किए जाने वाला इनका कार्य सदैव अद्वितीय रहता है। रक्तदान करने से हम एक साथ तीन लोगों का जान बचाते है इसके साथ ही और भी कई लाभ होते है। पार्षद भ्राता डूरेंद्र साहू जी और समाजसेवी भ्राता वाधवा जी ने भी अपनी शुभकामनाएं इस अवसर पर व्यक्त की । कार्यक्रम का सरस संचालन ब्रह्माकुमारी रंभा बहन जी ने किया । एवं ब्रह्माकुमार मुरलीधर सोमानी भाई जी ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भ्राता मोरध्वज साहू एवं लक्ष्मीकांत पाल ने रक्तदान पर आधारित बहुत सुंदर गीत प्रस्तुत किया ।

यह शिविर प्रातः 10 बजे प्रारंभ हुआ और 4 बजे तक चला इस दौरान 100 से भी अधिक ब्रह्माकुमार भाई बहनों ने अपना रक्तदान किया।

### मालेगांव ब्लास्ट में वर्षों बाद मिला न्याय, सत्य की हुई जीत –रमेश उपाध्याय

## हिंदू वात को देश के हर कोने तक पहुंचाएंगे

रायपुर, ।

17 साल पहले महाराष्ट्र के मालेगांव ब्लास्ट में साध्वी प्रज्ञा ठाकुर एवं मेजर रिटायर रमेश उपाध्याय सहित अनेक लोगों को तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा भगवा आतंकवाद के नाम पर उन्हें आतंकवादी करार देकर गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के बाद न्यायालय से रिमांड मिलने के बाद पुलिस ने प्रत्येक आरोपी पर थर्ड डिग्री का प्रयोग कर उसे अमानवीय यातनाएं दी। जबरिया कांग्रेस सरकार द्वारा मेजर रमेश उपाध्याय को निशाना बनाया गया था।

उक्त जानकारी प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकारवार्ता में मेजर रमेश उपाध्याय ने देते हुए बताया कि उक्त घटनाक्रम में किसी और का हाथ था जिस मोटर साइकिल को साध्वी प्रज्ञा का बताया गया वह पहले ही बिक चुकी थी। कांग्रेस सरकार द्वारा रचे गये षडयंत्र का न्यायालय में पर्दाफाश हुआ और उनके सहित साध्वी प्रज्ञा ठाकुर और अन्य लोगों को न्यायालय से बाइज्जत बरी किया गया7 17 साल जरूर लगे किंतु न्याय मिला। इससे राष्ट्रवाद के प्रति उनकी मानसिकता और मजबूत हुई है देश में वे हर स्थान पर हिंदूवाद को समर्थन देकर सनातनी धारणा को मजबूत करने का संदेश दे रहे हैं। कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए मेजर उपाध्याय ने बताया कि 1962 एवं 1971 से भारत पाक युद्ध में सैन्य प्रमुखों की उपेक्षा कर जीता हुआ क्षेत्र चीन एवं पाकिस्तान को वापस किया गया। कांग्रेस सरकार ने हमेशा सेना को अपमानित किया है जबकि वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सेना को सर्वोच्च प्राथमिकता देते है और किसी भी घटनाक्रम को अंजाम देने से पहले सैन्य प्रमुखों की राय लेते हैं। आजादी के 79 सालों में पहली बार ऐसा हो रहा है जब सेना को एनडीए सरकार द्वारा देश के हर स्थल पर सम्मानित किया जा रहा है। मालेगांव मामले में देश की आम जनता के साथ ही मीडिया की भूमिका भी सराहनीय रही। शिवसेना प्रमुख स्व. बालासाहेब ठाकरे सहित अन्य सर्वोच्च स्तर के नेताओं ने उन्हें एवं आरोपितों के परिवारों को भरपूर सुरक्षा मुहैया करायी वे बलिया उत्तरप्रदेश के है। तत्कालीन मुख्यमंत्री मायावती को उक्त घटना की जानकारी मिलने पर उन्होंने एक अधिकारी को भेजकर उनके परिवार की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कार्रवाई करवाई जिन लोगों ने सहयोग दिया हम उनके प्रति और देश की जनता के प्रति हृदय से आभारी है। पत्रकारवार्ता में शाश्वत हिंदू जागृति मंच के राजीवलोचन श्रीवास्तव संयोजक एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पूर्व और पश्चिम वन रेंजो में जंगली हांथीयों का उत्पात

### पिछले दो चौदह दिनों से हांथीयों के उत्पात से ग्रामीणों में दहशत का माहौल

**छोटे कापसी/कापसी,** 24 पश्चिम वन मंडल अंतर्गत कापसी,पूर्व परलकोट,पश्चिम परलकोट बांदे रेंजों में 10 अगस्त से जंगली हाथी का उत्पात जारी। पिछले 14(चौदाह) दिनों से हाथी के आतंक से कई गाँव के ग्रामीण दहशत में रात गुजारने पर मजबूर हो गए है। और विभाग निगरानी दल बना कर हाथी की निगरानी करते हुए किसानों के घर,फसल एवं अन्य नुकशान का मुआयना कर मुआवजा प्रकरण बनाने में लगा है। ग्रामीणों के अनुसार विभाग अभी तक हाथी को जंगल की ओर भेजेने के लिए कोई भी ठोस कदम नही उठा रहा,जिसके चलते परलकोट के लोग विगत 14 दिनों से दहशत के माहौल में जीने को मजबूर है। ज्ञात हो कि हाथी 10 अगस्त को मसानकट्टा के जंगल रास्ते से होते हुए छत्तीसगढ़ के कापसी परिक्षेत्र में



दाखिल हुआ है। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक तकरीबन 22 लोगों के घर को तोड़ते हुए किसानों के घर मे रखे महुआ,धान,टोरा एवं फसलो को भारी नुकसान पहुँचा चुका है। वही जंगली हाथी 11 अगस्त को नदी पार कर बारकोट के जंगल की ओर चला गया,वह से 12 अगस्त से चार दिन कोयलीबेड़ा एवं अबूझमाड़ के जंगलों में विचरण करता रहा, फिर वह बारकोट वापस आ कर सात दिन तक नदी में बहवो तेज होने के कारण रुका रहा,21अगस्त को माझपल्ली,मुरडोडा गाँव मे घर मे तोड़फोड़ कर मुरावंडी के जंगल में गुस गए,विभाग और ग्रामीणों ने सोचा कि अब हाथी महाराष्ट्र की सीमा में गुस जायेगा। जंगली हाथी जंगल के रास्ते बांदे के रियशी क्षेत्र में शुक्रवार की रात्रि हाथी ने मचाया उत्पात कई किसानों के खड़ी फसल को किया नुकसान जंगली हाथी पीवी75 के रास्ते सूशांत राय, सदाबिंदू के खेत से होकर पीवी76 प्रशांत ढाली के घर से धान का नूकसान कर सूनील मंडल के बाड़ी को हल्का नूकसान कर पालनन्दी के मादी दरों के खेत होकर पीवी 80 के गाँव के निस्तारी तालाब के पीछे से मंगरू गाबड़े के खेत में धान की डोली से धान खाकर पालनदी पवार पेट्रोल पम्प बगल से पीवी 87 गांव के समीप वन विभाग की नर्सरी की झाड़ियो में गुस कर बेठा है, जहाँ बांदे साप्ताहिक बाजार होने की वजह से लोगों की भीड़ होगी और अगर हाथी भीड़भाड़ देखकर आक्रामक रूप धारण कर सकता है। इसी वजह से पूर्व परलकोट रेंज के द्वारा पुलिस विभाग से सुरक्षा के लिए बल की तैनाती हाथी के लोकेशन वाले क्षेत्र में मांगी है।

## रेड्डी को उम्मीदवार बनाने से फिर साबित हुआ कि कांग्रेस का हाथ हमेशा नक्सलियों के साथ है: भाजपा

### 0 प्रदेश प्रवक्ता ठाकुर ने इंडी गठबंधन पर निशाना साधा, कहा : रेड्डी वामपंथी नक्सलियों के समर्थक हैं और सलवा जुडूम के खिलाफजजमेंट दिया

**'रेड्डी को उपराष्ट्रपति उम्मीदवार बनाए जाने से आदिवासी समुदाय उद्वेलित, कांग्रेस के लोगों को देश व प्रदेश की जनता से माफी मांगनी चाहिए'**

**रायपुर,** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने उपराष्ट्रपति पद के लिए सुदर्शन रेड्डी को उम्मीदवार बनाने के लिए इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए रेड्डी को वामपंथी नक्सलियों का समर्थक बताया और कहा है कि कांग्रेसनीत विपक्ष ने ऐसे व्यक्ति को उम्मीदवार बनाया है जिन्होंने वामपंथी उग्रवाद को मदद करने के लिए सलवा जुडूम के खिलाफ जजमेंट दिया था, अन्यथा वामपंथी नक्सलवाद 2020 तक खत्म हो गया होता। श्री ठाकुर ने कहा कि विपक्ष द्वारा रेड्डी को उपराष्ट्रपति उम्मीदवार बनाए जाने से एक ओर जहाँ आदिवासी समुदाय उद्वेलित हैं, वहीं दूसरी ओर एक बार फिर यह स्पष्ट हो गया कि कांग्रेस का हाथ हमेशा नक्सलियों के साथ है। भाजपा प्रदेश प्रदेश प्रवक्ता श्री ठाकुर ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संकल्प को दोहराते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में नक्सलियों का सफाया हो रहा है, उसमें डीआरजी की प्रमुख भूमिका है। डीआरजी को आगे रखकर उनके भौगोलिक दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए आज पूरी फोर्स लड़ाई लड़ रही है, जिससे नक्सली समाप्त होते नजर आ रहे हैं। ऐसे समय में सुदर्शन रेड्डी को उपराष्ट्रपति प्रत्याशी बनाना आदिवासी समाज के लिए चिंता की बात है और इसके लिए कांग्रेस के लोगों को देश व प्रदेश की जनता से माफी भी मांगनी चाहिए। श्री ठाकुर ने कहा कि सलवा जुडूम के जरिए वनांचल क्षेत्र के जनजाति वर्ग के लोग नक्सलियों के खिलाफविद्रोह कर रहे थे, रेड्डी ने तब उन आदिवासियों के खिलाफ फैसला सुनाया था। उस समय कई आदिवासी परिवार शहीद हो गए थे। आज कांग्रेस के रेड्डी को उपराष्ट्रपति प्रत्याशी बनाने से कांग्रेस का चरित्र बेनकाब हो गया है। कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य रंजीता रंजन ने नक्सलियों को सही बताया था, राज बब्बर ने नक्सलियों को क्रांतिकारी बताया था। प्रदेश प्रवक्ता श्री ठाकुर ने सलवा जुडूम में बढ़-चढ़कर भाग लेने वाले कांग्रेस के तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष महेंद्र कर्मा का भी स्मरण किया और कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के कहने पर स्व. श्री कर्मा ने क्लोज डोर मीटिंग में हिस्सा लिया और नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई में अपना योगदान दिया। श्री ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के लोग कभी भी नहीं चाहते कि आदिवासी अंचल का विकास हो, आदिवासी समुदायों के लोग रोजगार की ओर आगे बढ़ें, सुख-शांति व समृद्धि की ओर आगे बढ़ें।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में तीजा-पोरा की तैयारियां पूरी, पारंपरिक रंग में सराबोर होगी राजधानी

**0 मायके में माताओं बहनों को मिलेंगे विशेष उपहार, छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का उठाएंगे लुत्फ**

**0 पारंपरिक खेल, साज-सज्जा समेत विभिन्न गतिविधियों का होगा आयोजन**

**0 रजत महोत्सव के अवसर पर 24 अगस्त को आयोजित होगा तीजा पोरा तिहार और महिला सम्मेलन**





रायपुर,

राजधानी रायपुर का पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम इस बार छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक परंपरा के रंगों से सराबोर हो गया है। तीजा-पोरा तिहार के अवसर पर ऑडिटोरियम प्रांगण नंदिया-बैला, पारंपरिक खिलौनों, रंग-बिरंगे वंदनवार और छत्तीसगढ़ी साज-सज्जा से सुसज्जित होकर अद्भुत छटा बिखेर रहा है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर 24 अगस्त को होने वाले इस विशेष आयोजन की तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी हैं। तीजा-पोरा तिहार में करीब 3 हजार महिलाओं की भागीदारी होगी, जिनमें महतारी वंदन योजना की हितग्राही महिलाएं, महिला स्व-सहायता समूहों की दीदियां और मितानिनें शामिल रहेंगी।

इस अवसर पर शिव -पार्वती, नंदिया बैला और कृषि यंत्रों की पूजा संपन्न होगी। महिलाओं के लिए लोक परंपराओं से जुड़ी प्रतियोगिताएं जैसे फुगड़ी, जलेबी दौड़, नींबू, चम्मच दौड़ और रस्साकसी का आयोजन होगा। वहीं मेहंदी, चूड़ी और आलता के आकर्षक स्टॉल भी उत्सव का विशेष आकर्षण बनेंगे। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को विशेष उपहार भी प्रदान किए जाएंगे और छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का जायका भी इसमें शामिल होगा।

संस्कृति से सराबोर इस तिहार में पद्मश्री उषा बारले और प्रख्यात लोकगायिका सुश्री आरू साहू अपनी विशेष प्रस्तुतियां देंगी। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, श्री अरुण साव सहित राज्य सरकार के मंत्रीगण और अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रहेगी।

गौरतलब है कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कल 24 अगस्त को प्रदेश की माताओं बहनों के लिए राजधानी रायपुर के दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर तीजा पोरा तिहार और महिला सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति में तीजा तिहार का विशेष स्थान है। यह पर्व केवल धार्मिक या पारंपरिक नहीं, बल्कि सामाजिक और पारिवारिक रिश्तों को संजोने वाला उत्सव है। भादो के महीने में आने वाला यह तिहार बहनों, बेटियों और माताओं के लिए मायके का स्नेह लेकर आता है। यह तिहार रिश्तों को जोड़ने का सेतु है और बेटियों और बहनों को मायके बुलाकर उनका सत्कार किया जाता है। इस खास मौके पर निर्जला व्रत रखा जाता है, शिव -पार्वती की पूजा की जाती है, जिससे दांपत्य जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहे। तीजा तिहार वास्तव में छत्तीसगढ़ की असली पहचान है, जहां संस्कृति, परंपरा और प्रेम का अद्भुत संगम दिखाई देता है।

### अन्नदाताओं पर केंद्रित काव्य गोष्ठी आयोजित

# हिन्दी के वैश्विक परिदृश्य पर व्याख्यान भी हुआ

रायपुर,



वृंदावन हॉल रायपुर में संकेत साहित्य समिति द्वारा कल 23अगस्त को देश के मेहनतकश अन्नदाता किसानों पर केंद्रित सरस काव्य-गोष्ठी आयोजित की गयी।

समिति ने इस अवसर पर हिन्दी भाषा के वैश्विक परिदृश्य पर व्याख्यान भी आयोजित किया । इसमें मुख्य वक्ता की आसंदी से भोपाल (मध्यप्रदेश) के प्रसिद्ध साहित्यकार जवाहर कर्णावट ने अपना महत्वपूर्ण व्याख्यान दिया। छत्तीसगढ़ के जाने-माने भाषाविज्ञानी और साहित्यकार डॉ.चित्तरंजन कर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। सुपरिचित साहित्यकार गिरीश पंकज की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में बलदाऊ राम साहू , राकेश गुप्ता 'रूसिया' और विजय मिश्रा 'अमित' विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए । इस अवसर पर डॉ.स्नेहलता पाठक, डॉ.सुधीर शर्मा और रामेश्वर शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के बाद अतिथियों का अंगवस्त्र ,श्रीफल और नन्हें पौधों से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में विषय की प्रस्तावना देते हुए संकेत साहित्य समिति के संस्थापक और प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. माणिक विश्वकर्मा 'नवरंग' ने स्वागत भाषण दिया. उन्होंने अन्नदाताओं पर केंद्रित काव्य गोष्ठी और हिन्दी के वैश्विक परिदृश्य पर व्याख्यान की महत्ता पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के प्रथम चरण में मुख्य अतिथि भाषाविज्ञानी और वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. चित्तरंजन कर ने कहा कि कृषि कार्य सभ्यता का पहला चरण माना जाता है। कृषि की शुरुआत हुई तो सभ्यता आई । उन्नत कृषि कल्पना की देन है। दूसरे शब्दों में कहें तो कल्पना अविष्कार की जननी होती है। अध्यक्षता करते हुए साहित्यकार गिरीश पंकज ने अन्नदाताओं पर केन्द्रित काव्य गोष्ठी की प्रशंसा की और कहा कि साहित्यकार का दायित्व बनता है कि वह ऐसे विषयों पर क़लम चलाए जिससे समाज को और देश लाभ हो।इस संदर्भ में उन्होंने किसानों के हितों की रक्षा के लिए की गई अपनी पद यात्रा के संस्मरणों को भी साझा किया । विशिष्ट अतिथि बलदाऊ राम साहू ने छत्तीसगढ़ के प्रमुख लोकपर्व पोरा त्योहार की पूजा पद्धति का सुन्दर चित्रण किया । राकेश गुप्ता 'रूसिया ' ने किसानों के कठिन जीवन संघर्ष पर प्रकाश डाला। विजय मिश्रा 'अमित' ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति और किसानों के जीवन में पोरा त्योहार की अहमियत को रेखांकित किया।

## भाजपा की अहम संगठनात्मक बैठक 31 अगस्त को, नए पदाधिकारियों को मिलेगा राष्ट्रीय नेताओं से मार्गदर्शन

रायपुर, ।

रायपुर स्थित कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में 31 अगस्त को भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश स्तरीय एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में संगठन के नए पदाधिकारियों को पार्टी की कार्यप्रणाली, संगठनात्मक दायित्व और आगामी रणनीतियों को लेकर विस्तार से मार्गदर्शन दिया जाएगा।

बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश और प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। इन दोनों वरिष्ठ नेताओं के साथ-साथ पार्टी के अन्य प्रदेश स्तरीय वरिष्ठ नेता भी नए पदाधिकारियों को प्रशिक्षण देंगे।

बैठक में प्रदेशभर के 476 मंडलों और 36 संगठनात्मक जिलों के अध्यक्षों के साथ ही प्रदेश कार्यकारिणी के सभी सदस्य, मोर्चा अध्यक्ष और प्रकोष्ठ संयोजकों को आमंत्रित किया गया है। यह कार्यक्रम प्रदेश संगठन की नई कार्यकारिणी के गठन के बाद पहली बड़ी बैठक होगी।

संभावना है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय विदेश दौरे पर रवाना होने से पहले बैठक में हिस्सा ले सकते हैं। उनके साथ डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा तथा प्रदेश सरकार के कई मंत्री भी बैठक में शामिल रहेंगे। पार्टी के राष्ट्रीय संगठन के निर्देशों के अनुसार प्रदेश भाजपा ने पहले सदस्यता अभियान चलाकर 60 लाख नए सदस्य जोड़े, फिर बूथ स्तर से लेकर मंडल स्तर तक चुनाव कराए। पहले जहां 405 मंडल थे, अब 71 नए मंडलों के साथ यह संख्या 476 हो गई है। इसी तरह संगठनात्मक जिलों की संख्या भी बढ़ाकर 35 से 36 कर दी गई है, जिसमें नया जिला बिलासपुर ग्रामीण शामिल है। दिलचस्प बात यह है कि केवल रायपुर ग्रामीण ही ऐसा जिला है जहां पूर्व जिलाध्यक्ष को ही दोबारा पद सौंपा गया है। बैठक में नए पदाधिकारियों को राष्ट्रीय और क्षेत्रीय नेताओं जैसे कि क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, संगठन महामंत्री पवन साय, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और डिप्टी सीएम अरुण साव सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। पहले यह बैठक 29 अगस्त को प्रस्तावित थी, लेकिन अब इसे 31 अगस्त को आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

# हेरोईन (चिट्टा) का सिंडिकेट चलाने वाला गिरोह की एक अन्य महिला सदस्य गिरफ्तार

रायपुर, ।



अब तक रायपुर पुलिस द्वारा अलग-अलग मामलों में 35 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से खुदरा मुल्य लगभग 01 करोड़ 58 लाख मुल्य के हेराइन(चिट्टा) को किया गया है जप्त। प्रकरण में पूर्व में 02 महिला सहित कुल 05 आरोपियों को किया जा चुका है गिरफ्तार। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ एवं तकनीकी विशलेषण के आधार पर गिरोह में संलिप्त 01 महिला पेडलर हरप्रीत कौर उर्फ हैप्पी को किया गया गिरफ्तार। गिरफ्तार महिला के कब्जे से हेरोईन (चिट्टा), दोपहिया वाहन एवं मोबाईल फोन किया गया है जप्त। प्रकरण में अब तक कुल 06 आरोपियों को किया जा चुका है गिरफ्तार। प्रकरण में संलिप्त अन्य आरोपियों की भी, की जा रही है पतासाजी। आरोपियों के विरूद्ध थाना कबीर नगर में अपराध क्रमांक 183/25 धारा 21बी, 21(सी), 29 नारकोटिक एक्ट तथा 111 बी.एन.एस. का अपराध किया गया है पंजीबद्ध। विवरण - पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर श्री अमरेश मिश्रा तथा पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह द्वारा नशे के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए अंतर्राज्यीय सप्लायरों व स्थानीय नेटवर्क के गठजोड़ को समाप्त करने के निर्देश दिये गये थे। थाना कबीर नगर के अपराध क्रमांक 183/25 धारा 21बी, 21(सी), 29 नारकोटिक एक्ट तथा 111 बी.एन.एस.के प्रकरण में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना कबीर नगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा विडियो एवं लोकेशन शेयरिंग के माध्यम से हेरोईन (चिट्टा) का सिंडिकेट चलाने वाले गिरोह के 02 महिला सहित कुल 05 आरोपियों को गिरफ्तार कर कब्जे से 273.19 ग्राम हेरोईन(चिट्टा) तथा घटना में प्रयुक्त 01 नग दोपहिया वाहन एवं 05 नग मोबाईल फोन खुदरा मुल्य कीमती लगभग 57,00,000/- रूपये जप्त कर कार्यवाही किया गया था। गिरफ्तार आरोपियों से हेरोईन (चिट्टा) सप्लाय नेटवर्क में लगे अन्य आरोपियों के संबंध में पतासाजी करने एवं उनसे जप्त दस्तावेजों का तकनीकी विशलेषण कर हेरोईन (चिट्टा) को कंज्यूम एवं उसकी बिक्री करने वालों के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई, जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर कार्यवाही करते हुए इस हेरोईन सप्लाय नेटवर्क में हेरोईन की बिक्री करने वाले अन्य 01 महिला पेडलर को चिन्हांकित कर पतासाजी कर पकड़ा गया है। महिला पेडलर्स हरप्रीत कौर उर्फ हैप्पी, फरार आरोपी रूपिंदर उर्फपिंदर के मकान में किराये में रहती है, जो रूपिंदर उर्फ पिंदर के साथ मिलकर हेरोईन (चिट्टा) को स्वयं बिक्री करने के साथ ही विजय मोटवानी को भी बिक्री करने हेतु देती थी तथा इसके द्वारा पैसों का लेन-देन भी किया जाता था।

## महंत कॉलेज के पत्रकारिता विभाग में परिषद का गठन

o प्रेम देवांगन अध्यक्ष सेक्रेटरी तुषार शर्मा निर्वाचित हुए

**रायपुर ,**। गांधी चौक स्थित महंत लक्ष्मी नारायण दास महाविद्यालय में पत्रकारता विभाग के अंतर्गत आज महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य ललित मोहन वर्मा एवं विभाग के अध्यक्ष राम प्रसाद दुबे शिक्षक श्रीमती गीता शर्मा एवं दीपा मेश्राम की उपस्थिति में प्रत्यक्ष प्रणाली से मतदान कराया गया परिषद के गठन में चुनाव उपरांत अध्यक्ष पद के पद पर प्रेम देवांगन उपाध्यक्ष तेजेश्वरी साहू सचिन तुषार शर्मा सह सचिव सुबीर सरकार निर्वाचित घोषित किए गए परिषद के गठन पश्चात नवनिर्वाचित पदाधिकारी को विभाग की ओर से शुभकामनाएं प्रेषित की गई है वही या उम्मीद की जा रही है कि पदाधिकारी परिषद की गतिविधियों में सक्रिय रहकर विभाग को आगे बढ़ाएंगे आज मतदान के दौरान विभाग के 20 से अधिक छात्र-छात्राएं मतदान में हिस्सा लेने के लिए उपस्थित हुए थे।

# नवा रायपुर में नौ मंजिला होगा पॉवर कंपनी का मुख्यालय

### ऊर्जा दक्षता ब्यूरो और गृहा के पाँच सितारा मानकों के अनुरूप निर्माण

**रायपुर,** । छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनियों का संयुक्त मुख्यालय परिसर अत्याधुनिक और हरित भवन के मापदण्डों के अनुरूप होगा। 1300 से अधिक कार्मिकों के लिए तैयार हो रहे इस मुख्यालय भवन को ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) की पाँच सितारा रेटिंग और ऊर्जा संरक्षण भवन संहिता (ईसीबीसी) के मापदण्डों के अनुरूप विकसित किया जाएगा।

नवा रायपुर के सेक्टर 24 में निर्मित होने जा रहे भूतल समेत कुल 9 मंजिलों के इस मुख्यालय काम्पलेक्स में तीनों कंपनियों के लिए तीन टॉवर होंगे। मुख्यालय भवन को ग्रीन रेटिंग फॉर इंटीग्रेटेड हैबिटेट असेसमेंट (गृहा) के निर्धारित पाँच सितारा मानकों के अनुरूप तैयार किया जाएगा। गृहा के मानकों से निर्मित भवनों में पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने और टिकाऊ संसाधनों के उपयोग को बढ़ावा दिया जाता है।

**217 करोड़ रुपए होगा खर्च**

मुख्यालय परिसर एकीकृत प्रणाली से प्रबंधित होगा जिसे भवन प्रबंधन प्रणाली (बीएमएस) नियंत्रित कहा जाता है। इसके तहत नियंत्रण कक्ष स्थापित होगा और यह नियंत्रित विद्युत, एयर कंडीशनिंग (एचवीएसी) जल आपूर्ति, अग्निशमन, अग्नि अलार्म, ऑडियो विजुअल, सीसीटीव्ही निगरानी से लैस होगी। मुख्यालय परिसर के विकास का काम छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी को सौंपा गया है। मुख्यालय भवन का निर्माण 10 हजार वर्ग मीटर में होगा जिस पर लगभग 217 करोड़ रुपए का व्यय होगा। भवन निर्माण का कार्य अगले 30 महीनों में पूरा कर लिया जाएगा।



### आपूर्ति सौर ऊर्जा से होगी विद्युत आपूर्ति

प्रदेश को हरित ऊर्जा की दिशा में आगे ले जाने में अग्रणी भूमिका निभा रही स्टेट पॉवर कंपनियाँ अपने मुख्यालय को हरित भवन के मापदण्डों के अनुरूप तैयार कर रही हैं। नेट जीरो अवधारणा के साथ भवन में हरित ऊर्जा का ही उपयोग हो इसके लिए प्रथम चरण में 55 तथा दूसरे चरण में शत प्रतिशत ऊर्जा की आपूर्ति सौर ऊर्जा से होगी। भवन में लगभग 12 सौ किलोवॉट विद्युत के खपत का आंकलन है। परिसर में सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना की जाएगी। भवन में काँच युक्त बाह्य सतह पर बिल्डिंग इंटिग्रेटेड फोटो वोल्टायिक सिस्टम होगा जो सूर्य की रोशनी नहीं होने पर भी भवन के ताप से भी विद्युत निर्माण कर सकेगा।

### टीओडी मॉडल में विकास

21 वीं सदी के पहले नियोजित शहर में टीओडी मॉडल में विकास का खाका तैयार किया गया है। उसी अनुरूप पॉवर कंपनियों का मुख्यालय तैयार किया जा रहा है।

### छत्तीसगढ़ के 24 जिलों में बारिश की स्थिति सामान्य

# छत्तीसगढ़ में अब तक औसत से कम बारिश, 5 जिले में सूखे की आशंका

**0 801.8 मिमी बारिश, बलरामपुर जिले में सबसे अधिक बारिश**



**रायपुर,** छत्तीसगढ़ में बारिश की स्थिति इस साल पिछले सालों की तुलना में औसत से कम है। मौसम विभाग की ओर से जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार अबतक प्रदेश में इस साल 5 प्रतिशत कम बारिश हुई है। 3 जिलों में औसत से अधिक बारिश हुई है, जबकि 5 जिलों में सुखे की स्थिति बनी हुई है।

प्रदेश में इस साल बारिश की स्थिति अब तक सामान्य से कम है। मौसम विभाग के ताजा आंकड़ों के मुताबिक इस साल एक जून से अब तक छत्तीसगढ़ में औसतन 801.8 मिमी बारिश हुई है, जबकि सामान्य बारिश 844.8 मिमी होती है। यानी प्रदेश में अब तक करीब 5 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है।

राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश सामान्य रही है, लेकिन बेमेतरा, जशपुर, महासमुंद और सरगुजा संभाग के कुछ जिले कम बारिश से जूझ रहे हैं। वहीं बलरामपुर और मोहला-मानपुर जैसे जिले अत्यधिक बरसात से तरबतर हैं।

**सामान्य बारिश वाले जिले** छत्तीसगढ़ के 24 जिलों में इस साल अबतक सामान्य बारिश हुई है। इन जिलों में बारिश न तो कम हुई है और न ही ज्यादा। इन जिलों में रायपुर, दुर्ग, धमतरी, गरियाबंद, कवर्धा, कांकेर, बेमेतरा, कोरबा, कोरिया, नारायणपुर, रायगढ़, सरायपाली-बिलाईगढ़, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, जांजगीर, बलोद, बालोदाबाजार, दंतेवाड़ा, बीजापुर, महासमुंद, मनेंद्रगढ़, राजनांदगांव, मुंगेली, सक्ती, खैरागढ़-गंडई-छुईखदान शामिल है। पूरे छत्तीसगढ़ में 24 जिलों में बारिश की स्थिति सामान्य है। बलरामपुर जिले में औसत से 64 प्रतिशत ज्यादा बारिश अत्यधिक बारिश वाले जिलों में बलरामपुर 64 प्रतिशत ज्यादा (1158.2 मिमी), मोहला-मानपुर-चौकी 35 प्रतिशत ज्यादा (1032.7 मिमी), जांजगीर-चांपा 21 प्रतिशत ज्यादा (975.6 मिमी) हुई है।

**कम बारिश वाले जिले (5 जिले)** बेमेतरा 49 प्रतिशत कम (394.7 मिमी), सुरजपुर 31 प्रतिशत कम (598.2 मिमी), जशपुर 22 प्रतिशत कम (782.8 मिमी,महासमुंद 20 प्रतिशत कम (612.9 मिमी), कोंडागांव 16 प्रतिशत कम (713.1 मिमी) बारिश हुई है।

**डैम से छोड़ा जाएगा पानी** खंड वर्षा से सूख रही धान की फसल को बचाने सरकार ने रविशंकर डैम से अतिरिक्त 1000 क्यूसेक पानी छोड़ने का आदेश दिया है। अब महानदी मुख्य नहर से मिल रहे 4326 क्यूसेक डिस्चार्ज के साथ यह पानी रायपुर, बलौदाबाजार और महासमुंद के खेतों तक पहुंचेगा।

### बांधों से फसलों के लिए पानी

एमडी कावरे, संभागायुक्त, रायपुर ने बताया कि सिंचाई व्यवस्था की समीक्षा की गई है। संभाग के बांधों से फसलों के लिए पानी देने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए नहरों की साफ-सफाई कराई जा रही है।

**अगले 4 दिन भारी बारिश का अलर्ट**

छत्तीसगढ़ में मानसून सक्रिय है। उत्तर जिलों में अगले चार दिनों तक भारी बारिश और वज्रपात की आशंका है। रायपुर समेत अन्य हिस्सों में हल्की से मध्यम वर्षा होगी।

मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है और लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया कि उत्तर छत्तीसगढ़ के जिलों में अगले चार दिनों तक भारी वर्षा और गरज-चमक के साथ वज्रपात होने की संभावना है। प्रदेश के अन्य हिस्सों में हल्की से मध्यम वर्षा जारी रहेगी।

**क्यों हो रही है इतनी बारिश** पश्चिम बंगाल के गंगा तटीय क्षेत्र पर बना निम्न दबाव का क्षेत्र 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक सक्रिय है। यह धीरे-धीरे झारखंड की ओर बढ़ रहा है और कमजोर होने की संभावना है। 25 अगस्त को ओडिशा-पश्चिम बंगाल के तटों पर एक नया निम्न दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। इन सक्रिय प्रणालियों की वजह से छत्तीसगढ़ में अगले 4 दिनों तक लगातार बारिश का दौर जारी रहेगा।

### रायपुर में कैसा रहेगा मौसम?

रायपुर में रविवार और सोमवार को आसमान बादलों से ढका रहेगा। हल्की से मध्यम वर्षा के साथ कुछ इलाकों में गरज-चमक भी देखने को मिल सकती है। तापमान 24 से 27 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है।

### किसानों और आम जनता के लिए अलर्ट

लगातार हो रही बारिश का असर खेती-किसानी पर भी पड़ रहा है। धान की फसल को लाभ जरूर मिलेगा, लेकिन पानी भरने से नुकसान का भी खतरा है। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली गिरने और निचली बस्तियों में जलभराव को लेकर लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है।

संपादकीय

## लोकतंत्र में राजनीतिक दलों के बीच खिंचीं सियासी तलवारें

चुनाव नतीजों को सहज स्वीकार करना चुनावी लोकतंत्र के टिकाऊ होने की बुनियादी शर्त है। इसी से सत्ता का शांतिपूर्ण हस्तांतरण संभव होता है। इन स्थितियों के अभाव में अनगिनत देशों को राजनीतिक अशांति और उथल-पुथल से गुजरना पड़ा है। मुद्दा चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता का है, लेकिन इस प्रश्न ने निर्वाचन आयोग और विपक्षी दलों के बीच सियासी जंग का रूप ले लिया है। दोनों पक्षों ने एक दूसरे खिलाफ मोर्चा खोल रखा है, जिसका एक आत्मक्रमक रूप रविवार को देखने को मिला, जब एकतरफ बिहार में सासाराम से महागठबंधन ने आयोग को निशाने पर रखते हुए वोटर अधिकार यात्रा शुरू की, वहीं निर्वाचन आयोग ने नई दिल्ली में प्रेस कांफ्रेंस कर विपक्ष को कठघरे में खड़ा करने का प्रयास किया। विपक्षी नेताओं ने निर्वाचन आयोग पर भारतीय जनता पार्टी से मिलीभगत का इल्जाम लगाया, तो मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने यह अजीब चुनौती पेश कर दी कि मतदाता सूचियों में हेरफेर संबंधी अपने आरोपों पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हफ्ते भर के अंदर आयोग के सामने हलफनामा नहीं दिया।




### (बस्तर की नक्सली विभीषिका पर विशेष)

बस्तर की कोयल रोई क्यों।
संनसनाते पेड़,
झुरझुराती टहनियां
घने कुंवारे जंगल
वृक्ष पेड़ और लताएँ,
घने कुंवारे जंगल
टहनियां और जड़ें
सब जड़ हैं,
शांत है सब के सब,
पेड़ों की आपस में
बातचीत बंद है,
पत्तियों की फुसफुसाहट
भी शायद,
चिड़ियों की चहचहाहट
कौओं की कांव-कांव
मुर्गों की बांग
शेर की पदचाप
बंदरों की उछल कूद
हीरणीयों की चपलता
कोयल की कूह कुह
मौन है सब मौन है,
आदि बालाओं का प्रेम नृत्य,
महुए से पकती मस्त जिंदगी,
लांदा पकाती आदी बालाएं,
पवित्र मासूम प्रेम का घोटुल,
आदिवासियों का भोलापन
मुस्कान चेहरे की हरीतिमा
कहां गायब है सब।
केवल बारूद की गंध
पेड़ पत्तियां टहनियां
सब के सब बारूद के
बारूद से बारूद के लिए,
मशीनों की तड़तड़ाहट
भारी कदमों की अनुभूति,
एक बेहद खामोश
भयानक बारूदी धमाका,
काल कवलित
जवानों के शरीर,
हाय ?
पेड़ों पर फूलों की तरह
लटके मांस के लोथड़े,
पत्तियों की जगह तमगे
तनो पर चिपकी वर्दियां,
सस्ती जिंदगी
अनजान पर न्योछावर,
आज कोयल रोई,
अपनी कूह कूह पर,
अपनी कोयल होने पर,
बस्तर की कोयल होने पर।
फिर बस्तर की
कोयल रोई क्यों?

- संजीव ठाकुर

QR CODE SCAN
कर प्रेमेन्द्र अग्रवाल द्वारा लिखित पुस्तकें पढ़िये ऑनलाईन

PM : 2024 - Vishwa Sarkar Ka Vikalp
Modimaya_Vaidik_Netritva
Rashtriya Ekta
DLF-Vadra-Bhrasht Tantra
Silent Assassins Jan11,1966
Accursed & Jihadi Neighbour

# भारत चाहता है यह युद्ध का नहीं, शांति का दौर बने



ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार



दुनिया आज एक ऐसे दौर से गुजर रही है, जहां युद्ध और हिंसा ने सभ्यता की प्रगति को खतरे में डाल दिया है। रूस-यूक्रेन संघर्ष इसका ताजे उदाहरण के रूप में हमारे सामने है। इस युद्ध ने न केवल यूरोप की स्थिरता को हिलाकर रख दिया है, बल्कि पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था को गहरे संकट में डाल दिया है। हजारों लोग मारे गए, लाखों लोग शरणार्थी बने और ऊर्जा तथा खाद्यान्न संकट ने विकासशील देशों को प्रभावित किया। ऐसे कठिन समय में भारत ने अपनी पारंपरिक नीति-अहिंसा, निशस्त्रीकरण और अयुद्ध का परिचय कराते हुए यह स्पष्ट किया है कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकता। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को भारत आने का निमंत्रण देकर भारत ने संकेत दिया है कि युद्ध विराम एवं शांति समझौता कराने में भारत सक्रिय भूमिका निभा सकता है, निश्चित ही इस कदम का स्वागत होना चाहिए। रूस एवं यूक्रेन को भारत बातचीत की टेबल पर ले आता है, तो यह पूरी दुनिया के हित में होगा, इससे युद्ध का अंधेरा नहीं, शांति का उजाला होगा।

भारत द्वारा यूक्रेन के राष्ट्रपति को भारत आने का निमंत्रण देना केवल शांति प्रयासों का हिस्सा ही नहीं है, बल्कि यह अमेरिका की चालों को करारा जवाब देने वाला एक कूटनीतिक कदम भी है। हाल के दौर में अमेरिका ने भारत पर ट्रेड टैरिफ लगाकर और विभिन्न आर्थिक दबाव बनाकर उसकी अर्थव्यवस्था को अस्थिर एवं अस्तव्यस्त करने की कोशिश की है। किंतु मोदी सरकार ने अपनी दृढ़ कूटनीति से यह संदेश दिया है कि भारत अब किसी दबाव में आने वाला नहीं है। ज़ेलेन्स्की को आमंत्रित कर भारत ने यह दिखा दिया कि वह रूस और यूक्रेन दोनों के साथ संवाद रखकर स्वतंत्र नीति अपनाने में सक्षम है और अमेरिका की अपेक्षाओं के आगे झुकने के बजाय अपनी शांति और संतुलन की राह पर आगे बढ़ रहा है। यह कदम भारत की आत्मनिर्भर, साहसी और वैश्विक नेतृत्वकारी भूमिका का प्रमाण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बार-बार कहा है-'यह युद्ध का दौर नहीं है।' यह वाक्य केवल एक कूटनीतिक कथन नहीं, बल्कि भारत की शाश्वत नीति और सांस्कृतिक दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करता है।

रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान भारत ने केवल शब्दों तक ही सीमित भूमिका नहीं निभाई, बल्कि ठोस मानवीय प्रयास भी किए। 'ऑपरेशन गंगा' के अंतर्गत हजारों भारतीय छात्रों और नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। भारत ने यूक्रेन को दवाइयां, मानवीय सहायता और राहत सामग्री भेजी। भारत ने रूस और यूक्रेन, दोनों से संवाद बनाए रखा। पिछले साल अगस्त में नरेन्द्र मोदी यूक्रेन जाने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने थे। इससे पहले उन्होंने रूस की यात्रा की थी। प्रधानमंत्री मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेन्स्की से निरन्तर बातचीत में भी भारत का रूख स्पष्ट किया कि शांति बहाल होनी चाहिए, यह युद्ध का दौर नहीं, बल्कि शांति एवं विकास का दौर है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप एवं रूसी राष्ट्रपति पुतिन के बीच अलास्का में हुई शिखर वार्ता का भी भारत ने स्वागत किया और कहा था कि बातचीत एवं कूटनीति ही आगे बढ़ने एवं युद्ध विराम का रास्ता है।

रूस और यूक्रेन के बीच यदि कभी बातचीत की प्रक्रिया शुरू होती है, तो उसमें भारत की भूमिका निर्णायक हो सकती है। आज भारत की छवि एक विश्वसनीय मध्यस्थ के रूप में उभरी है। भारत न केवल जनसंख्या और अर्थव्यवस्था के लिहाज से बड़ा देश है, बल्कि सांस्कृतिक और नैतिक दृष्टि से भी विश्व में एक अलग पहचान रखता है। गांधी की भूमि, बुद्ध की करुणा और महावीर की अहिंसा से प्रेरित यह राष्ट्र यदि शांति का झंडा उठाता है, तो उसकी आवाज को अनसुना नहीं किया जा सकता। यही कारण है कि पूरी दुनिया आज भारत से अपेक्षा कर रही है कि वह शांति का नेतृत्व करे। भारत की यह भूमिका उसे केवल एक उभरती महाशक्ति ही नहीं बनाती, बल्कि 'विश्वगुरु' के रूप में स्थापित करती है। क्योंकि भारत जानता है-'शांति ही मानवता का वास्तविक मार्ग है, और अहिंसा ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति।'

भारत की शांति नीति केवल रूस-यूक्रेन युद्ध तक सीमित नहीं रही है। चाहे ईरान-इजरायल, इजरायल-हमास युद्ध हो, अफ्गानिस्तान का संकट हो या मध्य पूर्व की उथल-पुथल-भारत ने हमेशा संवाद और कूटनीति को प्राथमिकता दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने जी-20 शिखर सम्मेलन में विश्व नेताओं से कहा कि मानवता के सामने जो चुनौतियां हैं, उनका समाधान युद्ध से नहीं, बल्कि सहयोग-शांति-सौहार्द से मिलेगा। उन्होंने विकासशील देशों की पीड़ा और युद्ध से उत्पन्न आर्थिक संकट को सामने रखकर यह स्पष्ट किया कि युद्ध का खामियाजा गरीब और छोटे देशों को सबसे ज्यादा भुगतना पड़ता है। आज की दुनिया में हथियारों की होड़ और सामरिक प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है। युद्ध केवल मोर्चे पर ही नहीं, बल्कि तकनीकी, साइबर और आर्थिक क्षेत्रों में भी लड़े जा रहे हैं। ऐसे समय में भारत की अहिंसा और अयुद्ध की नीति मानवता के लिए प्रकाशस्तंभ का काम कर रही है।

भारत का इतिहास शांति और अहिंसा का इतिहास है। भगवान महावीर ने अहिंसा को सर्वोच्च धर्म बताया। उन्होंने कहा-÷अहिंसा परमो धर्मः÷। गौतम बुद्ध ने करुणा और मैत्री का संदेश दिया और पूरी एशिया भूमि को 'शांति क्षेत्र' बनाने की दृष्टि दी। महात्मा गांधी ने इसी परंपरा को आधुनिक राजनीति में रूपांतरित किया। उन्होंने दिखाया कि सत्य और अहिंसा के आधार पर साम्राज्यवाद जैसी शक्तिशाली सत्ता को भी परास्त किया जा सकता है। भारत की आत्मा में यह विश्वास गहराई से निहित है कि हिंसा केवल विनाश लाती है और शांति ही स्थायी समाधान है। इसी विरासत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पुनर्जीवित किया है। 2022 में जब रूस-यूक्रेन युद्ध तेज हुआ, तब संयुक्त राष्ट्र, जी-20 और ब्रिक्स जैसे मंचों पर मोदी ने दृढ़ता से कहा-'आज का समय युद्ध का नहीं, बल्कि शांति, स्थिरता और सहयोग का है।' भारत ने इस सत्य को समय रहते समझा और दुनिया को यह संदेश दिया कि 'शांति ही भविष्य है, युद्ध नहीं।' इसे आधुनिक कूटनीति में उतारकर यह साबित किया है कि भारत केवल अपने लिए नहीं, बल्कि पूरी मानवता के लिए सोचता है।

स्वतंत्रता के बाद भारत ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति में गुटनिरपेक्ष नीति अपनाई। शीत युद्ध के समय जब दुनिया अमेरिका और सोवियत संघ के दो खेमों में बंटी हुई थी, तब भारत ने यह साहस दिखाया कि वह किसी एक महाशक्ति का पिछलग्गू नहीं बनेगा। पंडित जवाहरलाल नेहरू, युगोस्लाविया के राष्ट्रपति टिटो और मिस्र के राष्ट्रपति नासिर ने मिलकर गुटनिरपेक्ष आंदोलन की नींव रखी। इसका उद्देश्य था-दुनिया के देशों को युद्ध की राजनीति से दूर रखना और शांति व सहयोग की नई राह खोलना। भारत की अहिंसा की नीति कहती है कि स्थायी समाधान केवल शांति और संवाद में है। अयुद्ध की नीति कहती है कि किसी भी गुट का पिछलग्गू बने बिना स्वतंत्र दृष्टिकोण अपनाना ही असली ताकत है। भारत ने दिखाया है कि यह नीति केवल आदर्श नहीं, बल्कि व्यावहारिक कूटनीति भी है। जब पूरी दुनिया किसी एक पक्ष में बंट रही हो, तब भारत जैसे देश का संतुलित रुख ही शांति की संभावना को जीवित रख सकता है।

आज, जब रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण पश्चिमी देश और रूस आमने-सामने खड़े हैं, भारत ने उसी गुटनिरपेक्ष दृष्टिकोण को अपनाया है। भारत न तो रूस के पक्ष में खड़ा हुआ है और न ही अंधाधुंध रूप से पश्चिम का समर्थन कर रहा है। उसने संवाद और कूटनीति को ही एकमात्र रास्ता बताया है। यही भारत की 'अयुद्ध नीति' है-जहां किसी से शत्रुता नहीं, बल्कि सबके साथ संतुलित संबंध रखकर शांति के लिए काम करना है। भारत ने अमेरिकी और यूरोपीय दबाव के बावजूद कभी भी केवल एक पक्ष का समर्थन नहीं किया। यही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। अमेरिका और पश्चिमी देश चाहते थे कि भारत खुले रूप से रूस की निंदा करे और उस पर प्रतिबंध लगाए। किंतु भारत ने साफकहा कि उसका दृष्टिकोण 'तटस्थ' ही नहीं, बल्कि 'शांति-उन्मुख' है। भारत का लक्ष्य किसी के खिलाफखड़ा होना नहीं, बल्कि सबको शांति की राह पर लाना है। यही कारण है कि रूस और यूक्रेन, दोनों भारत पर भरोसा करते हैं। दोनों मानते हैं कि भारत बिना पूर्वाग्रह के समाधान का मार्ग खोज सकता है।

**यह निजी विचार है।**

# विपक्ष की हार उसकी अपनी कमियों के कारण

अजीत द्विवेदी




पहले एक चुटकुले से शुरुआत करते हैं, फिर महान लेखक कृश्नचंदर की किताब 'एक गधे की आत्मकथा' का एक संदर्भ और तब राहुल गांधी और विपक्ष की ओर से मतदाता सूची के पुनरीक्षण के खिलाफ चलाए जा रहे आंदोलन की चर्चा करेंगे। चुटकुला ऐसे हैः एक व्यक्ति वोट डालने जाता है। वोट डाल कर मतदान करा रहे अधिकारी से पूछता है- देखना मेरी पत्नी आशा देवी वोट डाल कर चली गईं? महिला अधिकारी सूची देख कर कहती है- हां, एक घंटे पहले ही वोट डाल कर चली गईं। व्यक्ति आह भरते हुए कहता है- इसका मतलब है कि एक घंटे पहले आते तो भेंट हो जाती। अधिकारी हंसती है और पूछती है- मजाक कर रहे हैं, क्या घर में आप लोगों की भेंट नहीं होती है? व्यक्ति कहता है- मेरी पत्नी को मरे हुए 15 साल हो गए लेकिन हर बार हमसे एक घंटा पहले आकर वोट डाल जाती है! यह एक व्यंग्य है, जो हम लोग कई दशकों से सुन और सुना रहे हैं। इसका मतलब है कि मतदाता सूची में मृत लोगों के नाम होते हैं और उनका वोट कोई और डालता है। यह प्रक्रिया आजादी के बाद से ही चल रही है।

भारत की चुनाव व्यवस्था पर तंज करने वाला यह व्यंग्य इसलिए याद आया क्योंकि पिछले दिनों राहुल गांधी बिहार के कुछ ऐसे लोगों से मिले, जिन्हें मृत बता कर उनका नाम मतदाता सूची से काट दिया गया है। उन्होंने सोशल मीडिया में लिखा, मृत व्यक्तियों के साथ चाय पीकर बहुत मजा आया। सवाल है कि जब मृत व्यक्ति वोट डाल सकता है तो जीवित व्यक्ति को मृत बता कर उसका नाम काट देना कौन सी बड़ी बात है? उनको कुछ समय पहले बनी 'कागज' फिल्म देखनी चाहिए। सतीश कौशिक निर्देशित और पंकज त्रिपाठी के बेहतरीन अभिनय वाली इस फिल्म में एक मृत घोषित कर दिया गया व्यक्ति अपने को जीवित साबित करने के लिए संघर्ष करता है। यह कहानी जिस घटना पर आधारित है वह दशकों पुरानी, तब देश में कांग्रेस का ही शासन होता था। देश के कई राज्यों में शासन की व्यवस्था जीवित लोगों को मृत घोषित कर देती है और उसके बाद वे अपने को जीवित साबित करने के लिए बरसों संघर्ष करते हैं। लगता है इस तरह की कहानियां भी राहुल गांधी ने नहीं सुनी हैं। तभी वे ऐसे लोगों से मिल कर आश्चर्यचकित हो रहे थे, जिनको मृत बता कर मतदाता सूची से हटा दिया गया है। उनका आश्चर्य ऐसे बच्चे की तरह है, जिसको अभी आंखों की रोशनी मिली हो और वह ट्रेन देख कर विस्मित हो रहा हो!

बहरहाल, महान लेखक कृश्नचंदर की चर्चित किताब है 'एक गधे की आत्मकथा'। इसमें गधा पंडित जवाहरलाल नेहरू से भी मिलता है। उससे पहले वह उनकी सरकार के कुछ और मंत्रियों से भी मिलता है। उससे पहले उसकी मुलाकात दिल्ली के एक इलाके के थानेदार से होती है। थानेदार इस पर आश्चर्यचकित होता है कि गधा इंसानों की तरह बोल रहा है। वह कहता है कि उसने बहुत सारे इंसानों को तो गधों की तरह बोलते सुना है लेकिन पहली बार किसी गधे को इंसानों की तरह बोलते सुन रहा है। कहने का मतलब है कि गधा आदमी की तरह बोले तो आश्चर्य होता है लेकिन आदमी गधों की तरह बोलें, को कोई फर्क नहीं पड़ता है। राहुल गांधी का आश्चर्य उसी तरह का है। यानी मृत लोग जीवित लोगों की तरह मतदान करें तो कोई आश्चर्य की बात नहीं है लेकिन जीवित लोगों को मृत बता कर वोट काट दिया जाए तो वह बड़े आश्चर्य की बात है!

राहुल गांधी से लेकर योगेंद्र यादव और सुप्रीम कोर्ट के माननीय जज इस बात पर ऐसे हैरान हो रहे थे, जैसे यह कोई अनहोनी बात हो। असल में यह कोई अनहोनी बात नहीं है। मतदाता सूची में ऐसी खामियां होती हैं और यह व्यवस्था की वजह से होती है। चुनाव आयुक्त इसके लिए खासतौर से निर्देश नहीं जारी करते हैं। वैसे ही जैसे कई राज्यों में जीवित लोगों के नाम पेंशन की सूची से कट जाता है और वे भागदौड़ करते रहते हैं अपने को जीवित साबित करने के लिए। इसके लिए भी कहीं ऊपर से निर्देश नहीं आता है। सोचें, कोई 15 साल पहले जब आधार कार्ड बनना शुरू हुआ था तो बिहार में शाहरूख खान और सलमान खान के भी आधार कार्ड बन गए। क्या यूआईडीएआई के तत्कालीन प्रमुख नंदन नीलेकणी ने इसके लिए निर्देश दिए होंगे! एक समय बिहार में अभिनेत्री ममता कुलकर्णी का वोटर कार्ड भी बन गया था तो क्या तत्कालीन चुनाव आयुक्त ने इसके लिए निर्देश भेजा होगा? ऐसे ही बिहार में लिबरेशन टाइगर ऑफ तमिल ईलम के प्रमुख वेलुपिल्लई प्रभाकरण का ड्राइविंग लाइसेंस बन गया था। तो क्या बिहार के परिवहन मंत्री या परिवहन सचिव ने नीचे आदेश देकर प्रभाकरण का लाइसेंस बनवाया? असल में यह व्यवस्था की खामी है कि कुछ जीवित लोगों के नाम मतदाता सूची से कट जाते हैं तो कुछ मृत व्यक्तियों के नाम सूची में रह जाते है या किसी के पिता का या पति का नाम गलत हो जाता है। यह काम चुनाव आयुक्त निर्देश देकर नहीं कराते हैं। बिहार में एसआईआर के पहले चरण के बाद जितनी शिकायतें सामने आई हैं उनको देख कर यही लग रहा है कि नीचे के कर्मचारियों की लापरवाही से कुछ गड़बड़ियां हुई हैं। ध्यान रहे एक सितंबर से 18 सितंबर के बीच सिर्फ 45 हजार शिकायतें आयोग को मिली हैं। यह काटे गए 65 लाख नामों के एक फीसदी से भी कम है।

तभी कुल मिला कर विपक्ष की कहानी में दम नहीं दिख रहा है। हालांकि इसमें कोई संदेह नहीं है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर में दुनिया भर की गड़बड़ियां हुई हैं। बूथ लेवल अधिकारियों ने घर में बैठ कर मनमाने तरीके से फॉर्म भरे हैं और उन्हें जमा करा दिया है। लेकिन क्या पहले भी इसी तरह से मतदाता सूची नहीं बनती थी? क्या पहले इसी तरह से आधार नहीं बने हैं, क्या इसी तरह से जनगणना नहीं होती है और क्या इसी तरह से बिहार में जाति गणना के फॉर्म नहीं भरे गए थे? बिहार या कहीं के लोगों को इससे कोई मतलब नहीं है कि प्रक्रिया क्या रही। अंत नतीजा यह है कि सवा सात करोड़ लोगों के नाम मतदाता सूची में दर्ज हैं। अब उनको इस बात से कोई मतलब नहीं है कि कैसे किसका नाम आया और कैसे किसका नाम कट गया। अगर 65 लाख लोगों के नाम कटे हैं, जिनमें कुछ नाम गलत तरीके से कट गए हैं तो उनसे भी बाकी लोगों को कोई मतलब नहीं है। उनके पास समय भी है कि वे फॉर्म छह भर कर अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं।

लेकिन विपक्षी पार्टियों को क्या कहा जाए? उनको लगता है कि बिहार आंदोलन की धरती है तो किसी भी बात पर आंदोलन हो जाएगा। ऐसे नहीं होता है। आंदोलन के लिए मुद्दा भी होना चाहिए और नेता भी जरूरी है। इस बार दोनों नहीं हैं। हर हार के बाद राहुल गांधी और दूसरी विपक्षी पार्टियों के नेता कभी ईवीएम को दोष देते हैं तो कभी मतदाता सूची में गड़बड़ी को तो कभी चुनाव आयोग की धांधली को। इसमें भी समस्या नहीं है। विपक्ष को ऐसे आरोप लगाने चाहिए। लेकिन मुश्किल तब होती है, जब विपक्षी पार्टियां सचमुच मानने लगती हैं कि वे किसी धांधली या गड़बड़ी से हारी हैं और अगर गड़बड़ी नहीं होती तो वे चुनाव जीत जाते। क्या सचमुच विपक्ष की हार का मामला इतना सरल है? हो सकता है कि कुछ गड़बड़ियां होती हों लेकिन विपक्ष की हार उसकी अपनी कमियों के कारण हैं और भाजपा की जीत सिर्फ चुनावी धांधली की वजह से नहीं है। जहां तक व्यवस्था में गड़बड़ी का सवाल है तो उस मामले में कांग्रेस का रिकॉर्ड बहुत ज्यादा खराब है। इस पर कल चर्चा करेंगे। **यह निजी विचार** है।

## ओवर टूरिज्म से कोई भी खुश नहीं

वीरेन्द्र कुमार पैन्यूली

निस्संदेह टूरिज्म हो या ओवर टूरिज्म इससे देशों, राज्यों, नगरों या गांवों की आर्थिकी बढ़ने की संभावनाएं रहती ही है। किन्तु इसके बावजूद पूरे विश्व में सभी देश, सभी शहर या स्थानीय वासी ओवरटूरिज्म से खुश नहीं हैं।

विशेषकर यूरोप में लोकप्रिय पर्यटक महानगरों नगरों में अतिशय पर्यटन का विरोध हो रहा है। भारतीय पर्यटक नगरी में पर्यटकों की भारी भीड़ से, उनके व्यवहार से, जामों से और उनके कारण बढ़ते उपभोक्ता सामग्रियों व कूड़ा कचरे के अंबार से देर-सबेर भारत भी ओवरटूरिज्म के विरोध से अझूता नहीं रहेगा। यूरोप में भी ओवर टूरिज्म का विरोध करने वाले प्रदर्शनकारियों का कहना है कि इससे घरों के किराये बढ़ गए हैं, हमारी गलियां भीड़ भरी हो गई हैं और स्थानीय संस्कृति का क्षरण हो रहा है। यही सब भारत में भी अत्याधिक पर्यटनग्रस्त प्रमुख पर्यटक नगरियों के नागरिक भी अनुभव कर रहे हैं।

भारत में ओवर टूरिज्म की कीमत स्थानीय लोग जाम में फंस हर काम में अतिरिक्त समय लगा दे रहे हैं। आने-जाने में देरी से जरूरी काम भी छूट जाते हैं या उन्हें टालना पड़ता है। इससे आर्थिक हानि भी हो जाती है। तनाव अलग से पैदा होता है। ये वह लागत है जो पर्यटन से बढ़े राजस्व का ढिंढोरा पिटते सरकारों या हितधारकों के आकलन में नहीं होता है। किन्तु जिसे हर अपने गांव-शहर के ओवर टूरिज्म से पिसा स्थानीय नागरिक चुका रहा है।

हर काम के लिए घर से पहले निकलने और देरी से घर पहुंचने की मजबूरी रहती है। इसमें घर के कई ओवर टूरिज्म की मुख्य पहचान हम भारी जाम से करते हैं। देहरादून मसूरी जाम में इसी माह एक प्र्यटक की मौत हुई, परन्तु ऐसी घटनाएं अन्यत्र से भी सुनने को आने लगी हैं। सरकारी तौर पर ये जानकारी शिमला में जून 20 और जून 23 के बीच कुल तीन दिनों में ही साठ हजार पर्यटक वाहन नगर में प्रवेश किए थे। ये नित्य के स्थानीय परिवहन के अतिरिक्त है। इस जून 2025 में जिले के पुलिस अधिकारी के अनुसार देहरादून से मसूरी जाने को सामान्य दिनों में प्रति दिन 4 से आठ हजार वाहन होते हैं।

इन दिनों वीकेंड में पंद्रह हजार वाहन आ रहे हैं। हालात ऐसे हो जाते हैं कि स्थानीय जन अपने ही शहर में ही कैद हो जाता है। यूरोप में जगह-जगह स्थानीय लोग 'टूरिस्ट गो होम' के नारे लग रहे हैं। ओवर टूरिज्म के खिलाफ लोग अभियान चला रहे हैं। इटल , स्पेन और पुर्तगाल में तो बहुत जोर पकड़ रहा है। 'पर्यटकों घर जाओ', 'एक पर्यटक का बढ़ना एक स्थानीय निवासी का कम होना' जैसे पोस्टर व नारे लग रहे हैं। वे कहते हैं उनका जीना दूभर हो गया है। किराये के घरों का दाम बहुत बढ़ गया है। बड़े-बड़े होटलों के खोलने व उनमें विस्तार होने का विरोध हो रहा है। इस 15 जून को बड़े प्रदर्शन हुए। बार्सीलोना की तो खबर थी कि कि प्रदर्शनकारियों ने वाटर गनों को लेकर पर्यटकों के पसंदीदा स्थलों में पर्यटकों को निशाना बनाया। बार्सीलोना प्रदर्शनों का प्रमुख केंद्र बन गया है।

उसकी जनसंख्या सोलह लाख है, जबकि गत वर्ष वहां 26 लाख टूरिस्ट आए। स्थानीय लोग कह रहे हैं, देखिए हम जहां देख रहे हैं पर्यटक ही पर्यटक दिख रहे हैं। आपका सामना उन लोगों से होता है जिनको आप नहीं जानते और जो आपको नहीं जानते हैं। प्रदर्शनकारियों के अनुसार यह असहाय होने का भाव भी पैदा कर देता है। पिछले साल यूरोप में 70 लाख पर्यटक आए थे। ग्रीस में उसकी संख्या के चार गुणा पर्यटक आए थे। लगभग सभी पर्यटक शहरों में जहां विरोध हो रहा है वहां स्थानीय जनसंख्या के सात आठ गुणा तक पर्यटक पहुंच रहे हैं। भारत में भी यात्रियों के पारम्परिक मूल्यों की दृष्टि से अनुचित आचरण व्यवहार से भी परेशानी पैदा हो रही है।

**यह निजी विचार है।**

# प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी वैश्विक भुखमरी से निपटने के लिए भारत ने विश्व खाद्य कार्यक्रम के साथ साझेदारी की

पीआई

## खाद्य सुरक्षा से जूझ रहे देशों की सहायता के लिए भारत प्रतिबद्ध: खाद्य सचिव



भारत सरकार और विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) ने आज एक आशय पत्र (एलओआई) पर हस्ताक्षर करके वैश्विक भुखमरी संकट से निपटने के उद्देश्य से अपने सहयोग के रूप में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि की घोषणा की। भारत सरकार का खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग (डीएफ पीडी) इस पहल के तहत डब्ल्यूएफपी को भारत से फोर्टिफ़ाइड चावल की आपूर्ति करने का अवसर प्रदान करता है। इस पहल से वैश्विक स्तर पर संकटग्रस्त क्षेत्रों में सबसे कमजोर आबादी की खाद्य और पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिलेगी।

यह सहयोग वैश्विक साझेदारियों की मजबूती को दर्शाता है। भारत से चावल प्राप्त करके, डब्ल्यूएफपी अपनी आवश्यकता से अधिक कृषि पैदावार वाले देश के संसाधनों का इस्तेमाल जीवन रक्षक सहायता प्रदान करने और भुखमरी से निपटने की दिशा में ठोस प्रगति करने के लिए करेगा।

भारत सरकार के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के सचिव श्री संजीव चोपड़ा ने कहा, भारत वसुधैव कुटुम्बकम यानी 'पृथ्वी एक परिवार' के सिद्धांत और एक-दूसरे के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी तथा उनके साझा भविष्य को लेकर प्रतिबद्ध है। खाद्य असुरक्षा का सामना कर रहे जरूरतमंद समुदायों के लिए देश का मानवीय समर्थन इसी दृष्टिकोण का हिस्सा है।÷

डब्ल्यूएफपी के उप कार्यकारी निदेशक कार्ल स्काउ ने कहा, हम खाद्य-सुरक्षित और शांतिपूर्ण विश्व के निर्माण के लिए भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता की गहराई से सराहना करते हैं। उन्होंने यह भी कहा, यह साझेदारी वैश्विक प्रयासों को मजबूत करने और जरूरतमंद लोगों को निरंतर सहायता सुनिश्चित करने के हमारे संयुक्त इरादे को दर्शाती है। डब्ल्यूएफ पी के उप कार्यकारी निदेशक ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि खासकर ऐसे समय में जब दुनिया सीमित मानवीय सहायता निधि के बीच बढ़ती खाद्य असुरक्षा का सामना कर रही है, भुखमरी से निपटने में भारत का योगदान सराहनीय है। यह पहल रोम में फरवरी 2025 में कार्यकारी बोर्ड के एक कार्यक्रम में हुई चर्चाओं के समापन का प्रतीक है, जहां भारत सरकार और डब्ल्यूएफपी के प्रतिनिधियों ने सहयोग के तौर-तरीकों पर विचार-विमर्श किया था। यह आशय पत्र मानवीय वितरण के लिए खाद्यान्न की विश्वसनीय आपूर्ति सुनिश्चित करने का आधार तैयार करता है। विश्व खाद्य कार्यक्रम के साथ चल रहे अन्य सहयोगात्मक प्रयासों, जैसे आपूर्ति श्रृंखला अनुकूलन (वितरण/खरीद), फोर्टिफाइड चावल की शुरुआत, अन्नपूर्ति उपकरण (अनाज एटीएम), जन पोषण केंद्र, स्मार्ट वेयरहाउसिंग तकनीक और फ्लोस्पैन (मोबाइल स्टोरेज यूनिट) पर विचार-विमर्श किया गया और साथ ही भविष्य में सहयोग के संभावित क्षेत्रों पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर भारतीय खाद्य निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री आशुतोष अग्निहोत्री, डब्ल्यूएफपी एपीएआरओ के क्षेत्रीय निदेशक श्री समीर वनमाली, डब्ल्यूएफपी इंडिया की कंट्री डायरेक्टर सुश्री एलिजाबेथ फ रै और भारत सरकार के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# नये कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल से मिला छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन प्रतिनिधि मंडल, दी बधाई



रायपुर, लोकशक्ति

आज श्री राजेश अग्रवाल जी नवनियुक्त कैबिनेट मंत्री एवं विधायक अंबिकापुर-लखनपुर को का छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रतिनिधि मंडल ने कैबिनेट मंत्री बनने पर बुके भेंट, माला पहनाकर, श्री अग्रसेन जी का दुपट्टा पहना कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्हें छत्तीसगढ़ शासन में कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर आदरणीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का भी आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधि मंडल में डॉ. अशोक अग्रवाल, ललित अग्रवाल, हजारीलाल मित्तल, गोविंद अग्रवाल एवं अजय खेतान सम्मिलित थे. उन्होंने रायपुर में 28 अगस्त को संपन्न होने वाले नवम अग्र अलंकरण समारोह के लिए हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि , अग्रवाल समाज का यह अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण है। उन्होंने, कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपनी स्वीकृति प्रदान की।



मुंबई में गणेश चतुर्थी उत्सव से पहले लोग भगवान गणेश की मूर्ति ले जाते हुए।




नई दिल्ली के द्वारका में भारी बारिश के बाद सड़क का एक हिस्सा धंस गया।

# एकीकृत रक्षा स्टाफके प्रमुख थाईलैंड में रक्षा प्रमुखों के वार्षिक सम्मेलन में भाग लेंगे

पीआईबी

एकीकृत रक्षा स्टाफके प्रमुख एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित 26 से 28 अगस्त, 2025 तक अपनी थाईलैंड यात्रा के दौरान वार्षिक रक्षा प्रमुख सम्मेलन में भाग लेंगे। अमेरिका हिंद-प्रशांत कमान और रॉयल थाई सशस्त्र बल संयुक्त रूप इस कार्यक्रम की मेजबानी कर रहे हैं।

यह सम्मेलन एक प्रमुख बहुपक्षीय मंच है जो हिंद-प्रशांत क्षेत्र के विभिन्न देशों के रक्षा प्रमुखों को एक मंच पर लाता है ताकि उभरती क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों, सहयोगात्मक ढांचों एवं सैन्य संबंधों को मज़बूत करने के अवसरों पर विचार-विमर्श किया जा सके। इस सम्मेलन में समुद्री सुरक्षा, आतंकवाद-निरोध, साइबर सुरक्षा, मानवीय सहायता, आपदा राहत और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किए जाने की उम्मीद है।



सम्मेलन के दौरान, एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित अपने समकक्षों के साथ संयुक्त तैयारी, अंतर-संचालन और रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे जिससे साझा सुरक्षा चिंताओं का निराकरण किया जा सके। उनकी यह यात्रा, क्षेत्रीय सुरक्षा ढांचों को मज़बूत करने, बहुपक्षीय सहयोग बढ़ाने और एक स्थिर, नियम-आधारित एवं समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

# राजनांदगांव : अजगर के शिकंजे से ग्रामीणों ने बचाई किसान की जान

लोकशक्ति। राजनांदगांव।

जिले के पेंडरवानी गांव में विशालकाय अजगर सांप देखने को मिला है। बीते दोपहर अजगर पेंडरवानी के एक खेत से गुजर रहा था। इस दौरान ही उसने एक किसान को अपने कब्जे में ले लिया था। पैर से लेकर सिर तक जकड़ने के दौरान जब किसान ने जोर-जोर से बचाव के लिए आवाज लगाई, तब बगल खेत में काम कर रहे किसानों ने आनन-फानन में उसे अजगर के शिकंजे से बचाया। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार करीबन आधे घंटे की मशक्कत बाद अजगर को अपने कब्जे में करने के बाद वन विभाग की टीम को इसकी सूचना दी गई। वन विभाग की टीम ने अजगर को सुरक्षित एक जंगल में छोड़ दिया है।

लालबाग थाना के तुमड़ीबोड़ चौकी अंतर्गत आने वाले ग्राम पेंडरवानी के ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार किसान माखनलाल साहू अपने खेत में ही कार्य कर रहा था। दोपहर करीबन डेढ़ बजे के दौरान काम करते हुए उसे पैर में कुछ हलचल महसूस हुई। उसने देखा तो अजगर उसके पैर को जकड़ रहा था इससे पहले वह अपने आपको छुड़वा पाता, अजगर ने उसे नीचे गिराकर लपेटना शुरू कर दिया था हालांकि इस दौरान किसान ने अपने बचाव के लिए जोर से आवाज लगाना शुरू कर दिया था, जिसे सुनकर पास के खेत में काम कर रहे एक किसान मदद के लिए आया। उसने अन्य लोगों को भी बुलाया और फिर सभी ने मिलकर किसी तरह किसान माखन साहू को अजगर की चपेट से छुड़वाया। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया अजगर के जकड़े जाने से किसान माखन साहू सदमे में चला गया था जब किसानों से उसे छुड़वाया उस दौरान भी वह बेहोश हो गया था किसान को एम्बुलेंस की मदद से पेंड्री स्थित मेडिकल हॉस्पिटल इलाज के लिए भर्ती कराया गया । हालांकि किसान की स्थिति सामान्य बताई जा रही हैं किसी भी तरह की गंभीर चोट भी नहीं आई है ग्रामीणों ने अजगर की सूचना वन विभाग की टीम को दी थी।

ग्रामीणों द्वारा पकड़े गए अजगर को वन विभाग ने रेस्क्यू कर अपने पास रखा था, जिसे अगले दिन जिले के ही एक जंगल में छोड़ दिया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि पहली बार क्षेत्र में इतना बड़ा सांप देखने को मिला है। उसकी तस्वीर एवं वीडियो भी सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहे हैं।



# माहेश्वरी महिला समिति द्वारा मीरा भक्ति पर नाट्य मंचन का भव्य आयोजन



**संवाददाता। लोकशक्ति ।** महेश्वरी महिला समिति सदर बाज़ार के द्वारा सोमवार को वृन्दावन हॉल,सिविल लाइन्स में मीरा की भक्ति एवं प्रेम लीला पर शानदार नाट्य मंचन हुआ ।पूरा हॉल प्रेम से सराबोर रहा, जब प्रेम आराधना नृत्य-नाटिका का मनमोहक मंचन हुआ।

**राधा को कृष्ण की देह मिली**
**बिना देह के नेह निभा गई मीरा**

इन पंक्तियों की मधुरता से सजी नृत्य नाटिका ने दर्शकों को कृष्ण-माधुरी में डुबो दिया।

**अभिनय एवं सहभागिता**
**श्री गणेश द्वारा कथित,**

गोपाल मंदिर के कलाकारों द्वारा मंचित नाटिका में बाल मीरा बनीं प्रियांशी लाखोटिया और बड़ी मीरा की भूमिका निभाई स्मृति चांड़क ने अन्य भूमिकाओं में माधवी राठी, निर्मला जी, नीलिमा लढ्ढा, मिनाक्षी राठी, स्नेहा लाखोटिया, कविता दम्मानी, सुषमा नत्थानी, संगीता चांड़क, आशा राठी, प्रीति चांड़क, सुनीता लढ्ढा, नेहल राठी और प्रीति दम्मानी,स्नेहा गिरिराज लाखोटिया ,वर्षा मूंदड़ा ,शशी रोहित मोहता आदि सम्मिलित रहीं। लगभग 30–35 महिलाओं की सहभागिता ने मंच को सजीव और भव्य बना दिया।

प्रतिभा नथानी, रमा मल व शशि सारडा का संयोजन रहा।श्रीमती ज्योति राठी,नन्दा भट्टर, पुष्पा लाहोटी,वर्षा लाहोटी ,माहेश्वरी महिला समिति की अध्यक्ष प्रगति कोठारी, सचिव कल्पना राठी सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों व कार्यकारिणी एंव समाज सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा को चार चाँद लगा दिए। समापन पर स्नेहपूर्वक परोसे गए अल्पाहार ने आत्मीयता की मिठास घोल दी और यह आयोजन स्मरणीय बन गया।

# डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर का कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने किया सम्मान बैलों को खिलाई चीला ,गुलगुल भजिया, ठेठरी , खुरमी का भोग



**रायपुर** । कृष्ण मित्र फाउंडेशन के तत्वाधान में पोला पर्व के दिन 23 अगस्त शनिवार को दोपहर 3:00 से बैल दौड़, बैल सजाओ प्रतियोगिता एवं किसान सम्मान समारोह रावण भाटा, दशहरा मैदान, रायपुर में हुआ।

इस अवसर पर संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन के सौजन्य से लोक रंजनी लोक कला संस्कृति समिति रायपुर संचालक डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर द्वारा मनोहारी प्रस्तुति देकर दर्शकों में आनंद का संचारभर दिया।जिसमें मुख्य अतिथि कृषि मंत्री छत्तीसगढ़ शासन राम विचार नेताम जी ने लोक कला के प्रति समर्पण के लिए वरिष्ठ लोक कलाकार डॉ पुरुषोत्तम चंद्राकर को मोमेंटो मेडल एवं अंग वस्त्र से सम्मानित किया। कार्यक्रम में अध्यक्षता रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू ने की प्रतियोगिता के अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर एम आई सी मेंबर मनोज वर्मा, लोकरंजनी लोक कला सांस्कृतिक समिति के संचालक डॉ पुरुषोत्तम चंद्राकर, बद्री प्रसाद गुप्ता रवि सोनकर प्रमोद साहू केश कला बोर्ड की अध्यक्ष मोना सेन उपस्थितरहे।

# श्रोता कथा में कथा के प्यासे बनकर आएं – श्री हित वल्लभ महाराज

## द्वितीय दिवस की कथा का श्रोताओं को कराया रसपान





**जांजगीर चांपा //** अग्रसेन भवन के सामने चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस श्री धाम वृंदावन के प्रख्यात भागवत प्रवक्ता श्री हित ललित वल्लभ जी महाराज ने श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सब पर ठाकुर जी की विशेष कृपा है , जिस वजह से आप भागवत कथा का रसपान कर रहे हैं । महाराज श्री ने कहा कि भागवत कथा सुनकर कुछ पाना चाहते हैं कुछ सीखना चाहते हैं तो कथा में कथा के प्यासे बनकर आए अपने हृदय को रिक्त रखें तभी कथा हृदय पटल पर उतरेगी । प्रभु तो सत्य और सर्वेश्वर हैं जो सृष्टि की रचना पालन करते हैं और समय-समय पर संहार भी करते हैं,लेकिन आज मानव भगवान की भक्ति छोड़कर विषय वस्तु को भोगने में लगा है परंतु मानव जीवन का उद्देश्य भगवान श्री कृष्ण की प्राप्ति होना चाहिए । आगे बताया कि जब द्रोपति का चीर दुशासन ने खींचा तब द्रोपति ने अपने बल बुद्धि से अपने आप को बचाने की बहुत कोशिश की अंत में भगवान श्री कृष्ण को याद किया तब भगवान श्री कृष्ण वस्त्र अवतार लेकर प्रकट हो गए और द्रोपदी की लाज बचाई । पांडवों का स्वर्गारोहण व परीक्षित जन्म की कथा श्रवण कराते हुए बताया की परीक्षित का राज्य अभिषेक होने के बाद एक दिन परीक्षित ने अपने कोष से एक मुकुट मंगवा कर अपने मस्तक पर धारण किया , वह मुकुट जरासंध का था जिसमें कलयुग का वास था । उस मुकुट के कारण धर्म श्रेष्ठ राजा परीक्षित के मन में शिकार करने की इच्छा प्रगट हुई और वह शिकार करने वन में चले गए , काफी दूर पहुंचने पर उन्हें प्यास लगी तब शमीक मुनि के आश्रम में गए । शमिक मुनि ध्यान मग्न थे जिससे वह राजा का सत्कार नहीं कर पाए जिस कारण राजा परीक्षित ने क्रोधित हो उनके गले में एक मृत सर्प को डाल दिया । शमीक मुनि के बालक श्रृंगी को जब पता चला तो उसने श्राप दे दिया , जिसने मेरे पिता के गले में सर्प डाला है आज से सातवें दिन तक्षक सर्प के डसने से उसकी मृत्यु हो जाएगी । प्रसंग आगे बढ़ाते हुए महाराज जी ने श्री सुखदेव जी के जन्म की कथा श्रवण कराई। झाझरिया परिवार ने श्रद्धालु श्रोताओं से कथा सुनने का अनुरोध किया कथा का समय 3 बजे से शाम 6 बजे तक रहेगा

# कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे ने जनदर्शन में सुनी आमजनों की समस्याएं

## 65 आवेदन हुए प्राप्त, संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता से निराकरण के निर्देश



**जांजगीर-चांपा /** कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से जिले के नागरिकों की समस्याओं, शिकायतों एवं मांगों को सुना। कलेक्टर ने प्राप्त सभी आवेदनों के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में कुल 65 आवेदन प्राप्त हुए।

जनदर्शन में आज पामगढ़ तहसील के ग्राम पकरिया निवासी श्री खोलबहरा साहू ने अपने भूमि के खाता विभाजन में आ रही समस्या को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित एसडीएम को जांच कर आवेदन का निराकरण करने में निर्देश दिए। इसी प्रकार तहसील जांजगीर अंतर्गत ग्राम सरखों के श्री गोपाल प्रसाद साहू भूमिहीन मजदूर ग्रामीण एवं आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम पूटपुरा निवासी श्रीमती बिंदा यादव आवास योजना का लाभ दिलाने, तहसील बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम खपरीडीह निवासी श्रीमती जिता बाई धनवार राशन कार्ड में सुधार करने संबंधी आवेदन लेकर पहुंचे। जिस पर कलेक्टर ने आवेदनों का समय सीमा में एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जनदर्शन में राशन कार्ड, मुआवजा राशि दिलाने सहित अन्य विषयों से संबंधित कुल 65 आवेदन प्राप्त हुए।

# शिक्षा मंत्री ने श्री दूधाधारी मठ पहुंचकर भगवान का दर्शन किया



**जांजगीर चांपा /** दुर्ग शहर के विधायक एवं छत्तीसगढ़ राज्य के नवनियुक्त शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव जी ने अपने सहयोगियों सहित श्री दूधाधारी मठ रायपुर पहुंचकर भगवान का दर्शन पूजन करके आशीर्वाद लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिक्षा मंत्री के मठ आगमन पर श्री दूधाधारी मठ पीठाधीश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज ने द्वार पर उनका स्वागत करके उन्हें भगवान श्री संकट मोचन हनुमान जी, भगवान श्री स्वामी बालाजी, स्वामी बलभद्र दास जी की समाधि स्थल एवं रामपंचायतन में दर्शन पूजन करा- कर स्थान के ऐतिहासिक महत्व की जानकारी प्रदान की। माननीय मंत्री जी दर्शन पूजन एवं आशीर्वाद प्राप्त करके काफी गदगद हुए। इस अवसर पर उन्होंने मीडिया जगत से भी वार्तालाप की तथा स्कूल से आए हुए बच्चों से भेंट -मुलाकात किया। राजेश्री महन्त जी महाराज ने ट्रस्ट कमेटी के सदस्यों सहित उनका साल, श्री फ ल एवं पुष्प माला से अभिनंदन कर आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर विशेष रूप से अनुराग अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष केदार धनगर, श्याम सुंदर अग्रवाल, विजय पाली, रामछबि दास जी, सुरेश शर्मा, चूड़ामणि निर्मलकर, अंबर अग्रवाल, रामकृष्ण अग्रवाल, लव यादव, सरिता वर्मा, नरेंद्र यादव, रामप्रिय दास जी, प्रशांत पांडे, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव, हर्ष दुबे, वीरेंद्र सिंह,सहित अनेक गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे मठ मंदिर के विद्यार्थियों एवं पुजारीयों ने स्वस्तिवाचन किया।

# ऑटो पार्टस गैरेज के सामने से मोटर सायकल चोरी के तीन

## कबाड़ी में बेचने के फिराक में ले जा रहा था जिसे पुलिस ने धर दबोचा



**संवाददाता।** आटो पार्टस गैरेज के सामने से मोटर सायकल चोरी के तीन आरोपीयों को कबाड़ी में बेचने की फिराक समय धर दबोचा गया है । घटना विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 22 अगस्त 2025 को दरमियानी रात्रि में बलौदा के रित आटो पार्टस गैरेज के सामने पुरानी इस्तेमाली लाल काला रंग का पैशन प्रो मो0सा0 क्रमांक सीजी 11 ए 9758 एवं एक पुराना कंडम कायनेटिक मोटर सायकल को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। प्रार्थी प्यारे लाल बघेल निवासी पहरिया की सूचना रिपोर्ट पर दिनांक 23.08.25 थाना बलौदा में अपराध क्रमांक 346/25 धारा 303(2) भा.न्या.स. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

दौरान विवेचना के जरिये मुखबिर सूचना मिला कि चोरी की मोटर सायकल को कुछ लोग काटकर अलग अलग कर पीकप वाहन में लोडकर प्लास्टिक की पन्नी से ढककर बेचने की फिराक में घूम रहा है, की मुखबिर सूचना तस्दीक कर रामपुर बलौदा रोड में पीकप वाहन को रोकर चेक किया गया जिसमें मोटर सायकल के टुकडे प्लाटिक के पन्नी में ढका हुआ था जिसके संबंध में पीकप चालक एवं उसके साथीयों से पुछताछ करने पर दिनांक 22.08.2025 को ग्राम पहरिया के रित आटो गैरेज के सामने खडे पैशन प्रो मो0सा0 एवं एक पुराना कंडम कायनेटिक मोटर सायकल को चोरी करना तथा पीकप वाहन में लोडकर सरखो तरफ सूने जगह में ले जाकर मोटर सायकल को टुकडे टुकडे में काटकर कबाडी में बेचने के लिए ले जाना बताये जिसके कब्जे से मोटर सायकल अलग -अलग टुकडे किमती 12000 रू एवं घटना में प्रयुक्त पीकप वाहन क्रमांक सीजी 10 बी.वाय 1546 को बरामद कर विधिवत आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

गिरफ्तार आरोपी का नाम अमित चैहान पिता संतोष चैहान उम्र 22 वर्ष ग्राम पहरिया थाना बलौदा, देवनारायण चैहान पिता स्व0 दरसराम उम्र 23 वर्ष ग्राम करमंदी चैकी नैला , प्रताप सिंह सिदार पिता हर प्रसाद उम्र 19 वर्ष ग्राम बछौद थाना बलौदा जिला जांजगीर-चांपा है। उपरोक्त कार्यवाही मे साइबर सेल टीम जांजगीर एवं थाना बलौदा के अधिकारी कर्मचारी का सराहनीय योगदान रहा।

# यातायात नियमों का उलंघन करने वालों वाहन चालकों के विरुद्ध हुई सख्त कार्रवाई

## जिले में कार्यवाही के दौरान 200 से अधिक मोटरसाइकिल जब्त



**जांजगीर चांपा /**

यातायात विभाग ने यातायात नियमों का उलंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए जिले में दो सौ से अधिक मोटर सायकल जब्त किया गया है । ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा विजय कुमार पाण्डेय आईपीएस के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्ग दर्शन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) उदयन बेहार के नेतृत्व में जांजगीर चांपा पुलिस द्वारा जिले में सड़क दुर्घटना में कमी लाने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार मोटर अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में आज दिनांक को जिले में सघन वाहन चेकिंग किया गया जिसमें बिना नंबर और तीन स्वारी गाडियों चेकिंग के दौरान 209 मोटर सायकल को जब्त कर चालकों के विरूद्ध के मोटरयान अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए वाहनों को जब्त किया गया है, जिसे पृथक से माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# सड़क दुर्घटनाओं में घायलों का डेढ़ लाख रुपये तक होगा कैशलेस इलाज

**जांजगीर चांपा /** अब सड़क दुर्घटनाओं में घायलों का डेढ़ लाख रुपए तक कैशलेस इलाज होगा जिसके लिए जिले में 49 अस्पतालों को नामित किया गया है । भारत सरकार ने 5 मई 2025 से 2025 कैशलेस ट्रीटमेंट ऑफरोड एक्सीडेंट विक्टिम्स' योजना शुरू की है, जिसके तहत सड़क दुर्घटना के घायलों को किसी भी नामित अस्पताल में 1.5 लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज मिलेगा। यह योजना पूरे देश में लागू है और पीड़ितों को बिना किसी एडवांस या बीमा दस्तावेज के तुरंत इलाज की सुविधा देती है। सरकार दुर्घटना के बाद पहले सात दिनों के भीतर 1.5 लाख रुपये तक का खर्च उठाएगी, जिससे घायलों को समय पर जीवन रक्षक उपचार मिल सके। जांजगीर चांपा जिले में पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय आईपीएस के निर्देश पर जिले के अस्पतालों को इस स्कीम के तहत जोड़ने की कार्यवाही की गई । इस क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात उदयन बेहार के नेतृत्व में आईआरएडी के नोडल अधिकारी श्रीमती साधना गुप्ता एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी जांजगीर चांपा के समन्वित प्रयास से जिले में अब तक 49 अस्पतालों को सूचीबद्ध किया गया चुका है।

### कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक

# धान खरीदी की तैयारी के संबंध में संबंधित- अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

**जांजगीर-चांपा /**







कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे ने आज साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभागीय कार्यों की समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना वर्ष को छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा कि यह अवसर प्रदेश की गौरवशाली यात्रा को प्रदर्शित करने का है, आयोजन को भव्य और सार्थक बनाने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रदर्शनी, उपलब्धियों के प्रदर्शन और जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने कहा कि छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर सभी अधिकारी-कर्मचारियों कार्यालयों में स्वच्छता अभियान चलाया जाए, समय पर कार्यालय पहुंचे, अनुपयोगी सामग्री का निपटान करें।

कलेक्टर ने खाद भंडारण व वितरण की समीक्षा की। उन्होंने किसानों को पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने एवं बिक्री केन्द्रों का निरीक्षण करने के निर्देश उप संचालक कृषि को दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद समय पर उपलब्ध हो यह सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्रों एवं स्कूलों में मीनू के अनुसार भोजन तैयार करने और बच्चों को पौष्टिक आहार देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों का स्वास्थ्य और पोषण सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना की सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों को समयबद्ध रूप से लाभ पहुँचे यह सुनिश्चित करे। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को प्रगति की नियमित समीक्षा कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने और लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 की समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हेतु सभी उपार्जन केंद्रों पर सभी ज़रूरी व्यवस्थाएँ समय पर पूर्ण करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने प्रत्येक खरीदी केंद्र में किसानों की सुविधा हेतु मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों के गंभीर और त्वरित निराकरण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सीमांकन, बटांकन तथा अन्य लंबित राजस्व मामलों को प्राथमिकता से निपटाया जाए, ताकि आमजन को समय पर राहत और न्याय मिल सके। कलेक्टर ने आरबीसी 6-4 के प्रकरणों का समय-सीमा पर निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने डिजीटल क्रॉप सर्वे एवं फार्मर रजिस्ट्री में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने समय-सीमा से बाहर लंबित प्रकरणों को कैम्प कोर्ट लगाकर 1 माह के भीतर निराकरण करना सुनिश्चित करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल समृति समारोह को गरिमामय आयोजन के संबंध में आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर श्री ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, अपर कलेक्टर श्री आर.के. तंबोली, संयुक्त कलेक्टर श्री संदीप सिंह ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

उन्होंने कहा कि वृद्धाआश्रम में जो कमियां पाई गई है, उन्हें एक माह के भीतर दुरस्त करने और संबंधित अधिकारी को नियमित रूप से निरीक्षण करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम श्री सुब्रत प्रधान एवं श्री पवन कोसमा सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## खास खबर

### जश्न रिसोर्ट से 4 नग एसी के कॉपर पाईप की चोरी

कोरबा । सख्त सिस्टम की नाक के नीचे से चोरी का तांबा खरीदने वाले भी सक्रिय हैं। जश्न रिसोर्ट राताखार कोरबा से 21 अगस्त की रात्रि कबरीन 11 बजे से 22 अगस्त की सुबह 7 बजे के मध्य रिसार्ट में लगे 4 नग एसी के कॉपर पाईप करीब 100 मीटर कीमती 20000 रूपये को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर लिया गया। जश्न रिसोर्ट के जनरल मैनेजर सुरजीत सिंह पिता करम सिंह 46 वर्ष की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में धारा 303(2)-बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर चोर और कॉपर का पता तलाश किया जा रहा है।

### (कोरबा) हत्या के प्रयास मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

कोरबा हरदीबाजार थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

मामला 17 अगस्त का है, जब नशे की हालत में आरोपियों ने रोशन प्रजापति पर लोहे की रॉड और डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। आरोपियों में सोमवार सिंह देव, उसका बेटा पृथ्वी सिंह देव और भतीजा शुभम गांगुली शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों से हथियार जब्त कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

### शराब दुकान और उससे जुड़े अहाता सेंटर को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं

**0 राजेश शर्मा ने आयुक्त से मुलाकात कर बताई समस्या**

कोरबा। बरपाली गांव स्थित अंग्रेजी शराब दुकान और उससे जुड़े अहाता सेंटर को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। अहाता सेंटर के संचालक राजेश शर्मा ने शुक्रवार को जिला आयुक्त से मुलाकात कर अपनी समस्या बताई।

राजेश शर्मा ने आरोप लगाया कि अंग्रेजी शराब दुकान के बगल में रहने वाली कैला रात्रे अपने घर और दुकान में अवैध रूप से शराब पिलाती हैं। जब उन्होंने उन्हें समझाया कि दुकान में केवल चखना बेचना उचित है, बैठाकर शराब पिलाना नियम विरुद्ध है, तो यह बात उन्हें नागवार गुजरी।

इसी मुद्दे पर 21 अगस्त 2025 की सुबह बरपाली में ग्रामसभा बुलाई गई। बैठक में सरपंच और पंचायत सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया कि गांव से अंग्रेजी शराब दुकान हटाई जाए। हालांकि, यह निर्णय कैला रात्रे को स्वीकार नहीं हुआ। राजेश शर्मा का आरोप है कि उसी दिन दोपहर करीब 4 बजे कैला रात्रे ने अपने परिचित प्रकाश दास महंत उर्फ ÷पड़की÷ को शराब पिलाकर उनके अहाता सेंटर में तोड़फोड़ करवाई। इस दौरान प्रकाश दास महंत ने न केवल उनके साथ मारपीट की, बल्कि उनके परिवार को गाली-गलौच भी दी। राजेश शर्मा ने बताया कि आत्मरक्षा में बीच-बचाव करते हुए उन्हें चोटें आईं। उन्होंने कहा कि यह घटनाएं लगातार उनके साथ होती रहती हैं और वे कई बार जिला आयुक्त से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। आज जब वे पुनः शिकायत लेकर पहुंचे, तो जिला आयुक्त ने कहा कि मेरे अधीन चार सब इंस्पेक्टर और कुछ कांस्टेबल हैं, पूरे जिले को छोड़कर मैं केवल आपके लिए चैकीदारी नहीं कर सकती।

# अंधेरे से उजाले की ओर, लामपहाड़ में शिक्षा की नई भोर

## युक्ति युक्तकरण से शिक्षकविहीन विद्यालय लाम पहाड़ प्राथमिक शाला में शिक्षक की हुई नियुक्ति

### पहाड़ी कोरवाओं बच्चों का बदलेगा भविष्य

कोरबा संवाददाता।



कुछ समय पहले लाम पहाड़ का नाम सुनते ही एक कठिन राह पर मुश्किल सफर का दृश्य उभर कर आँखों में छा जाता था। पहाड़ो में बसाहट होने और यहाँ तक पहुचने में अनेक चुनौतियां होने की वजह से यहाँ रहने वाले पहाड़ी कोरवाओं को कई सुविधाओं से महरूम होना पड़ता था। अब जबकि बिजली,पानी और सड़क के साथ इस बसाहट में स्कूल बनकर संचालित हो रहा है तो लाम पहाड़ क्षेत्र के पहाड़ी कोरवाओं के बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ अन्धकारमय जीवन से बाहर निकलकर शिक्षा के भोर के सहारे बेहतर भविष्य गढ़ने का अवसर मिल गया है। यहाँ आवागमन सहित अन्य चुनौतियों की वजह से शिक्षकविहीन की श्रेणी में आने वाले लामपहाड़ के पाठशाला को शासन की युक्ति युक्तकरण की पहल ने न सिर्फ नियमित शिक्षक की सौगात दी अपितु यहाँ पढ़ाई करने आने वाले बच्चों के भविष्य की राह भी आसान कर दी है।

कोरबा विकासखंड अंतर्गत अन्तिमछोर के ग्रामपंचायत बड़गांव के आश्रित ग्राम लामपहाड़ की पहचान भले ही अब कठिन राह पर मुश्किल सफर की नहीं रही, लेकिन बड़ी संख्या में निवास करने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा ही यहाँ की पहचान अभी भी है। शहर से बहुत दूर घने जंगलों के आसपास निवास करने वाले पहाड़ी कोरवाओं को विकास की मुख्य धारा में जोड़ने शासन द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में यहाँ विद्यालय का संचालन कर पहाड़ी कोरवा बच्चों को शिक्षा से जोड़ने की पहल की गई, लेकिन विद्यालय में पदस्थ शिक्षिका के पदोन्नति होकर अन्यत्र स्थानान्तरण के बाद विगत कुछ वर्षों से नियमित शिक्षक नहीं होने का खामियाजा विद्यार्थियों को उठाना पड़ता था। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देश पर अतिशेष शिक्षको के समायोजन व युक्ति युक्तकरण की पहल ने यहाँ की तस्वीर बदलने का काम किया। यहाँ संचालित प्राथमिक शाला और माध्यमिक शाला में शिक्षको की पदस्थापना होने से अब यह विद्यालय शिक्षकविहीन की श्रेणी से बाहर आ गया है। नियमित शिक्षक के नियुक्ति से पहाड़ी कोरवा विद्यार्थियों की पढ़ाई भी नियमित होने लगी है। यहाँ जाने पर युक्ति युक्तकरण से प्राथमिक शाला में पदस्थ शिक्षक श्री कलेश्वर राम कटेला क्लास में विद्यार्थियों को पढ़ाई कराते नजर आए। उन्होंने बताया कि युक्ति युक्तकरण से लामपहाड़ के प्राथमिक शाला को दो और माध्यमिक शाला को एक शिक्षक मिले हैं। प्राथमिक शाला में कुल 33 बच्चे और मिडिल स्कूल में 19 बच्चे हैं। इन सभी विद्यार्थियों में अधिकांश विशेष पिछड़ी जनजाति वाले पहाड़ी कोरवा जाति के हैं। मीडिल स्कूल में पढ़ाने वाले शिक्षक दीपक यादव ने बताया कि युक्ति युक्तकरण से एक नए शिक्षक के आ जाने से मीडिल स्कूल में 3 शिक्षक हो गए हैं। इधर विद्यालय में पढ़ाई करने वाले पहाड़ी कोरवा विद्यार्थियों सुखशिला, फूलमती, संगीता, देवशीला, फुलमनिया ने बताया कि नियमित शिक्षक आने से क्लास में लगातार पढ़ाई हो रही है। शिक्षक समय पर आ जाते हैं और पूरे समय तक ठहरते हैं। उन्होंने बताया कि उनके माता पिता पहले स्कूल दूर होने से पढ़ाई नहीं कर पाए। अब स्कूल पास ही है इसलिए हमें पढ़ाई करने भेजते हैं। विद्यार्थियों ने बताया कि उन्हें समय पर नाश्ता और मध्यान्ह भोजन भी मिलता है। हमारा मन पढ़ाई में लगने लगा है।

### शहीद वीरनारायण सिह की मूर्ति को खण्डित करने के मामले में अपराध दर्ज

**कोरबा** छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी शहीद वीरनारायण सिह की मूर्ति को अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा तोड़ा गया है। उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग की गई है। अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीकृत कर पुलिस द्वारा पता तलाश किया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक पाली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बुड़बुड सरकारी पारा में सांस्कृतिक मंच में शहीद वीरनारायण सिह की मूर्ति सन् 2017 में स्थापित किया गया था।14 अगस्त 2025 के रात्रि में अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा तोड-फोड कर दिया गया।

मूर्ति को खण्डित करने से समाज के लोगों की आस्था को ठेस पहुंची है। आदिवासी बिंझवार समाज के लोगो में गुस्सा है, और इस घटना की अखिल बिंझवार समाज छत्तीसगढ़ विरोध करता है। परमेश्वर कुमार बिझंवार, प्रदेश अध्यक्ष अखिल बिझंवार समाज छग की लिखित शिकायत पर पाली थाना में अज्ञात आरोपी के विरुध्द 22 अगस्त को धारा 298-ठछै के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया।

## कोरबा पुलिस का जागरूकता अभियान: पॉलिटेक्निक कॉलेज में सेमिनार आयोजित

कोरबा संवाददाता,




कोरबा पुलिस ने पॉलिटेक्निक कॉलेज रूगड़ा, बालको में एक जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में साइबर सेल, यातायात पुलिस और महिला सेल की टीमों ने कॉलेज के छात्र-छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।

साइबर अपराध और फ्रॉड के बारे में जागरूकता साइबर सेल कोरबा ने साइबर अपराध और फ्रॉड के संबंध में जानकारी प्रदान की।

इसमें निम्नलिखित विषयों पर विस्तार से बताया गया।

**डिजिटल अरेस्ट**
**एपीके फाइल इंस्टॉलेशन**
**ओटीपी शेयरिंग**
**बैंक संबंधी ठगी**

सोशल मीडिया से जुड़े अपराध' इसके अलावा, राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 और ब्म्स् पोर्टल के बारे में भी जानकारी दी गई।

**यातायात नियमों का पालन**

यातायात पुलिस ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया और सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाया।

**महिला सुरक्षा और आत्मरक्षा**

महिला सेल ने छात्राओं को महिला सुरक्षा और अभिव्यक्ति ऐप के बारे में जानकारी दी। साथ ही गुड टच और बैड टच की विस्तृत जानकारी देकर छात्राओं को आत्मरक्षा और सजगता के लिए प्रेरित किया।

**कोरबा पुलिस की अपील**

कोरबा पुलिस आमजन से अपील करती है कि साइबर अपराध से सतर्क रहें किसी भी प्रकार की ठगी होने पर तुरंत नजदीकी थाने या हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें यातायात नियमों का पालन करें। महिला सुरक्षा संबंधी किसी भी समस्या की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## वोमेन फार ट्री: स्वसहायता समूह की महिलाओं ने लगाए पौधे, लिया पौधे के संरक्षण संवर्धन का संकल्प

### आयुक्त आशुतोष पाण्डेय सहित निगम के पार्षदों ने भी किया पौधा रोपण

**कोरबा** । भारत सरकार की योजना '' वोमेन फार ट्री '' के तहत महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं ने दिव्यांग विद्यालय सह-छात्रावास '' उमंग '' के परिसर में पौधों का रोपण किया एवं इन पौधों के संरक्षण व संवर्धन का संकल्प लिया। इस मौके पर आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय, वरिष्ठ पार्षद अशोक चालवानी, एम.आई.सी.सदस्य अजय कुमार चन्द्रा व सरोज शांडिल्य, पार्षद चन्द्रलोक सिंह, पंकज देवांगन, राकेश वर्मा, प्रताप सिंह कंवर आदि ने भी पौधा रोपण किया। भारत सरकार के योजना अमृत 2.0 मिशन के तहत '' वोमेन फार ट्री '' पहल अंतर्गत शहरी क्षेत्रों में हरियाली बढ़ाने, पर्यावरण को सुरक्षित रखने एवं महिला भागीदारी को इस कार्य में प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह पहल की गई है, जो भारत सरकार की '' एक पेड़ मॉं के नाम '' मुहिम से प्रेरित है। इस पहल के अंतर्गत महिला स्वसहायता समूह को पौधा रोपण, उनकी देखभाल व संरक्षण व इसके प्रति जागरूता जैसे कार्यो से जोड़ा गया है, इस योजना का प्रमुख उद्देश्य महिला स्वसहायता समूहों को वृक्षारोपण, उनकी निगरानी, संरक्षण, संवर्धन आदि में सक्रिय रूप से शामिल करना आदि शामिल है। नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत इस पहल के अंतर्गत 2100 पौधे लगाए जाने हैं, जिनके लिए निगम क्षेत्र में 05 स्थलों का चयन किया गया है, इन स्थलों पर महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों व जनप्रतिनिधियों की भागीदारी से पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है।

## फोरेंसिक साइंस सहायक प्राध्यापक भर्ती विवाद पहुंचा हाईकोर्ट, विश्वविद्यालय के नए विज्ञापन पर रोक

बिलासपुर,

बिलासपुर के गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय में फोरेंसिक साइंस विषय के सहायक प्राध्यापक पद की भर्ती को लेकर उपजा विवाद अब उच्च न्यायालय की चौखट तक पहुंच गया है। इस मामले में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने विश्वविद्यालय द्वारा 22 मई 2025 को जारी किए गए नए भर्ती विज्ञापन पर अंतरिम रोक लगाई है और रजिस्ट्रार व कार्यकारी परिषद (एग्जीक्यूटिव काउंसिल) से जवाब मांगा है। यह मामला न्यायमूर्ति रविंद्र कुमार अग्रवाल की एकलपीठ में सुनवाई के लिए आया। जानकारी के अनुसार, विश्वविद्यालय ने वर्ष 2019 में उक्त पद हेतु विज्ञापन जारी किया था, जिस पर दुर्ग निवासी आवेदक अर्जुन राव और मौमिता सिंहा सहित कई अभ्यर्थियों ने आवेदन दिया था। दस्तावेज सत्यापन के बाद जारी सूची में अर्जुन राव को आठवां और मौमिता सिंहा को सत्रहवां स्थान मिला था। हालांकि, इंटरव्यू की प्रक्रिया के दौरान एक अन्य अभ्यर्थी सुषमा उपाध्याय ने खुद को अपात्र बताकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। उस समय कोर्ट ने चयन प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी। अंततः कोर्ट ने सुषमा उपाध्याय की याचिका खारिज कर दी, लेकिन इसके बावजूद विश्वविद्यालय ने अंतिम चयन सूची जारी नहीं की। बाद में विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद ने यह कहते हुए 2019 का पुराना विज्ञापन रद्द कर दिया कि उसे छह वर्ष बीत चुके हैं और चयन सूची की वैधता केवल एक वर्ष होती है। इसी आधार पर परिषद ने नई प्रक्रिया के तहत 22 मई 2025 को फिर से विज्ञापन प्रकाशित कर दिया। इस फैसले से असंतुष्ट अर्जुन राव और मौमिता सिंहा ने अधिवक्ता मतीन सिद्दीकी के माध्यम से हाईकोर्ट में पुनः याचिका दाखिल की।

## मां मड़वारानी मंदिर में चैरिटेबल ट्रस्ट आखिर कब होगा गठित

**कोरबा।** कोरबा जिला ही नहीं बल्कि दूसरे जिलों और छत्तीसगढ़ प्रदेश के साथ-साथ अविभाजित मध्य प्रदेश के भी निवासियों की अगाध आस्था का केंद्र बिंदु मां सर्वमङ्गला मंदिर में चैरिटेबल ट्रस्ट आखिर कब गठित होगा। यह सवाल यहां ट्रस्ट बनाने को लेकर वर्षों से होते प्रयासों के बीच से एक बार फिर उठा है, जब जिले के अन्य प्रमुख मंदिरों में ट्रस्ट की व्यवस्था कर दी गई है, की जा रही है। पहाड़ ऊपर स्थित चैतुरगढ़ की मां महिषासुर मर्दिनी देवी का मंदिर हो या कोरबा-चाम्पा मार्ग पर अवस्थित मां मड़वारानी का मंदिर हो, यहां ट्रस्ट गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। चैतुरगढ़ में भी ट्रस्ट बन चुका है।मड़वारानी में ग्राम सभा से प्रस्ताव पारित हो चुका है और गठन प्रक्रिया जल्दी पूरी कर ली जाएगी दूसरी तरफमां सर्वमंगला देवी मंदिर में ट्रस्ट गठन को लेकर वर्षों से चले आ रहे प्रयासों को अमलीजामा नहीं पहनाया जा सका है।



वर्ष 2009 में प्रशासनिक कार्रवाई शुरू की गई और छत्तीसगढ़ के राजपत्र में 23 सितंबर 2009 को प्रकाशन कराया गया। मां सर्वमङ्गला देवी चेरिटेबल ट्रस्ट, सर्वमङ्गला मंदिर के लिए नायब तहसीलदार जे एल यादव के साथ प्रमुख गणमान्यजनों की बैठक भी हुई। उस समय मंदिर परिसर में स्थित संपत्तियों का मोटा-मोटी आंकलन करीब 50 लाख (चल-अचल संपत्ति) किया गया।

कटघोरा अनुविभाग के अंतर्गत आने वाले मां सर्वमङ्गला मंदिर में प्रमुख धार्मिक आयोजनों के अवसर पर जहां हजारों की संख्या में भक्त पहुंचते हैं,सैकड़ों सर्व मनोकामना ज्योति कलशों का प्रज्ज्वलन विदेश तक से कराया जाता है। सामान्य दिनों में भी मां के दरबार में सैकड़ों भक्त माथा टेकने पहुंचते हैं और माता के दरबार में हाजिरी लगाते हुए भेंटें भी चढ़ाते हैं,गुप्तदान भी होता है। उनके अलावा मंदिर परिसर में अन्य धर्मप्राण लोगों के द्वारा भी अपने-अपने पूर्वजों की स्मृति में विभिन्न देवी-देवताओं के मंदिरों का निर्माण कराया गया है। इस मंदिर से इन सभी की भी आस्था जुडी हुई है।

# कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन का जोरदार स्वागत, टीपी नगर में जमकर आतिशबाजी, महामाला से जगह-जगह आत्मीय अभिनंदन

### पाली से लेकर भाजपा कार्यालय तक भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक किया स्वागत

कोरबा



कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन आबकारी और सार्वजानिक उपक्रम की अतिरिक्त जिम्मेदारी मिलने के बाद गुरुवार को कोरबा आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओ और पदाधिकारियों द्वारा पाली से लेकर टीपी नगर तक जगह जगह जोशीला स्वागत किया गया। मंत्री श्री देवांगन के टीपी नगर चैक आगमन पर बालको, दर्री, कोरबा, कोसाबाड़ी, सर्वमंगला नगर मंडल द्वारा आतिशी स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष श्री गोपाल मोदी के नेतृत्व में भारी संख्या में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओ द्वारा जमकर आतिश बाजी कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष क्रमशः मनोज मिश्रा, राजेश राठौर, दिलेन्द्र यादव, योगेश मिश्रा के साथ साथ परबिंदर सिंह, अजय विश्वकर्मा, सुशील गर्ग, प्रकाश अग्रवाल, सत्येंद्र दुबे, युगल कैवर्त समेत अधिक संख्या में कार्यकर्त गण उपस्थित रहे।

भाजपा जिला कार्यालय टीपी नगर में मंत्री श्री देवांगन का जोरदार स्वागत किया गया। भाजपा प्रदेश मंत्री सुश्री रितु चैरसिया का भी अभिनंदन किया गया । भाजपा जिलाध्यक्ष श्री गोपाल मोदी के नेतृत्व में सभी मंडल अध्यक्षों एव पदाधिकारियों व कार्यकर्ता द्वारा भेंट कर बधाई दी। मेरा पूरा प्रयास रहेगा की विभाग को और बेहतर तरीके से संचालित हो । उन्होंने सभी पदाधिकारियों एव कार्यकर्तवों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्री प्रफुल्ल तिवारी, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, पार्षद नरेंद्र देवांगन सभी मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी गण एवं कार्यकर्ता गण अधिक संख्या में उपस्थित रहे। इसी तरह पाली में भाजपा के पोड़ी लाफा मंडल अध्यक्ष विपिन कौशिक, पाली मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर पटेल, चैतमा मंडल अध्यक्ष बृजेश, यादव, , पाली नगर पंचायत अध्यक्ष अजय जायसवाल, दीपक शर्मा समेत भारी संख्या में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गणों और अधिक संख्या में ग्रामीण जनों ने नव दायित्व हेतु आत्मीय स्वागत किया।

कटघोरा मुख्य चैक आगमन पर भाजपा के कटघोरा पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर कटघोरा आगमन पर श्री चतुरभुवन नायक, पोंडी उपरोडा मंडल अध्यक्ष,अभिषेक गर्ग , कटघोरा मंडल अध्यक्ष,श्री संजय शर्मा, जिला मंत्री, शमजीत सिंह,राम प्रसाद कोर्राम, बजरंग पटेल, आत्मा नारायण पटेल, श्रीमती मीना शर्मा श्रींमती ललिता डिक्सेना , श्री राजीव दीवान पार्षद, अजय गर्ग,मुकेश गोयल, श्री श्याम कश्यप, श्री राजेश गुप्ता, श्री पवन जायसवाल जी समेत अधिक संख्या में कार्यकर्तावों द्वारा स्वागत किया गया। इसी तरह छुरी में भाजपा के पदाधिकारियों द्वारा स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहाँ महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत , नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पदमिनी देवांगन, श्री कौशल देवांगन, श्री प्रीतम देवांगन ,श्री नरेश देवांगन ,श्री, हिरानन्द पंजवानी , कुंवर राजवर्धन, श्री प्रवीण अग्रवाल, श्री टेकचंद अग्रवाल, उमेदा देवांगन, श्री महेन्द्र सिंह, भीम सिंह, श्री टेकचंद अग्रवाल राजू अग्रवाल, जगराम यादव समेत अधिक संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओ, पदाधिकारियों सहित छुरीकला के अधिक संख्या में आम जनों द्वारा नवीन दायित्व हेतु बधाई देकर आत्मीय स्वागत किया।?

इसी तरह दर्री मंडल द्वारा एनटीपीसी गेट पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर दर्री मंडल अध्यक्ष श्री मनोज लहरे, श्री ईश्वर साहू, तुलसी ठाकुर, नारयण ठाकुर, नीरज शर्मा भरत अग्रवाल राज जायसवाल, मनोज अग्रवाल, रतिचंद अग्रवाल, राम कुमार सोनकर जी, श्री अंजय अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, धन निर्मलकर, सुषमा पांडेय, पुष्पा कँवर, पार्षद श्री नारयण राजपूत, जनक राजपूत जी, श्याम ध्रुव, मुकुंद पटेल समेत अधिक में भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्ता गण एवं पदाधिकारीगण के साथ स्थानीय जन भारी संख्या में नव दायित्व हेतु आत्मीय स्वागत व अभिनन्दन किया।

## कोरबा पुलिस की कार्रवाई: डीजे साउंड पर सख्ती, कई संचालकों के विरुद्ध मामला दर्ज

कोरबा

आगामी त्यौहारों के मद्देनजर जिला कोरबा पुलिस ने डीजे साउंड सिस्टम पर कड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर थाना स्तर पर विशेष निगरानी रखते हुए ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले डीजे संचालकों के विरुद्ध सख्त कदम उठाए गए हैं।

थाना उरगा, थाना पाली एवं थाना कटघोरा क्षेत्र में निर्धारित डेसिबल स्तर से अधिक आवाज में डीजे बजाने पर तीन अलग-अलग डीजे संचालकों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर डीजे जप्त किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया है कि आगामी त्यौहारों में किसी भी प्रकार से कानून का उल्लंघन, ध्वनि प्रदूषण या सार्वजनिक शांति भंग करने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

कोरबा पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि त्यौहारों को शांति, सद्भाव और नियमों के पालन के साथ मनाएँ तथा ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले उपकरणों का उपयोग केवल नियमानुसार ही करें।

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25




# तीजा पर्व



## सभी माताओं- बहनों और प्रदेश वासियों को तीजा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

### महतारी वंदन योजना
**69.19 लाख** से अधिक महिलाओं को **₹11,728 करोड़** की सहायता

### सखी वन स्टॉप सेंटर
**SOP लागू करने वाला पहला राज्य**, संकटग्रस्त महिलाओं को तत्काल सहायता, परामर्श और कानूनी मदद

### यूनिटी मॉल
महिला स्व-सहायता समूहों को नवा रायपुर में उत्पादों के विक्रय हेतु मिलेगा **व्यापक बाज़ार**

### मानदेय सीधे बैंक खातों में
आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय अब सीधे **बैंक खातों में भुगतान से पारदर्शिता**

### महतारी सदन
ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु सभी ग्राम पंचायतों में **उद्यम-व्यवसाय केंद्र की स्थापना**

### छत्तीसगढ़ महिला कोष
महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए **वित्तीय सहायता और प्रशिक्षण**

### सक्षम योजना
विधवा, परित्यक्ता, तलाकशुदा और अविवाहित महिलाओं को **स्वावलंबन के लिए सहयोग**

### लखपति दीदी योजना
प्रत्येक जिले में **35,000** महिलाओं को प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता देकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना

### बिहान योजना
इसका उद्देश्य ग्रामीण गरीबों को **स्वयं सहायता समूहों (SHGs) के माध्यम से संगठित करना**, वित्तीय सेवाएँ उपलब्ध कराना और उन्हें सशक्त बनाना है

### मिनीमाता महतारी जतन योजना
पंजीकृत महिला निर्माण श्रमिकों को प्रसव के बाद **₹20,000** की आर्थिक सहायता

### मुख्यमंत्री सिलाई मशीन सहायता योजना
18 से 50 वर्ष की महिला श्रमिकों को सिलाई मशीन हेतु सहायता

## सुशासन से समृद्धि की ओर



**सशक्त महिलाएं** **समृद्ध छत्तीसगढ़**

हमसे जुड़ने के लिए QR स्कैन करें

R.O. 45017/70

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।
www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)